RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 बिग बॉस 18 शो का हिस्सा...

वर्ष : 26 | अंक : 273 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

## योगी सरकार का नया आदेश

# जूस, दाल व रोटी में गंदी मिलावट बर्दाश्त नहीं होगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने खाने-पीने की चीजों की पवित्रता व शुद्धता को बनाए रखने तथा उसमें हो रही गंदी चीजों की मिलावटों को रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि खाने-पीने की चीजों में गंदी मिलावट कतई बर्दाश्त ना की जाए और ऐसा करने वालों पर कड़ा एक्शन लिया जाए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में घटी ऐसी घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश के सभी होटलों, ढॉबों और रेस्टोरेंट आदि संबंधित प्रतिष्ठानों की गहन जांच, सत्यापन आदि के भी निर्देश दिए हैं साथ ही आम जन की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नियमों में आवश्यकतानुसार संशोधन के भी निर्देश दिए।



### सरकार ने दिये निर्देश

- होटलों, रेस्टोरेंट पर मालिक व मैनेजर का नाम
- होटल स्टॉफ का होगा वेरिफिकेशन
- गंदी चीजों की मिलावट पर सख्त एक्शन

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों में जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं देखने को मिली हैं। ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस प्रबंध किए जाने आवश्यक हैं। ऐसे ढाबों और रेस्टोरेंट आदि खान-पान के प्रतिष्ठानों की जांच की जानी आवश्यक है। प्रदेशव्यापी सघन अभियान चलाकर इन प्रतिष्ठानों के संचालक सहित वहां कार्यरत सभी कर्मचारियों का सत्यापन किया जाए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस व स्थानीय प्रशासन संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही शीघ्रता से सम्पन्न कराई जाए।

# लखनऊ में 5वीं क्लास की छात्रा से गैंगरेप

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यहां 5वीं क्लास की एक छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। नाबालिग छात्रा जब स्कूल से लौट रही थी तभी कार सवार युवकों ने उसे किडनैप कर लिया और होटल में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, दो युवकों ने इस पूरी घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि पहले बच्ची से बैग छीना गया और फिर उसे कार में जबरदस्ती खींचकर बैठा लिया गया। उसके बाद नाबालिग को कृष्णा



नगर के एक होटल में ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

इतना ही नहीं दोनों आरोपियों दानिश और आमीन ने मासूम छात्र के अश्लील फोटो और वीडियो भी ले लिए। उन्होंने बच्ची को धमकी देते हुए कहा कि अगर घटना का किसी से जिक्र किया तो वह लोग उसकी वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे, जिसके बाद दोनों आरोपी मासूम बच्ची को उसके घर के पास सड़क पर फेंककर फरार हो गए।

जब बच्ची घर पहुंची तो उसने रोते हुए अपनी आपबीती पिता को सुनाई जिसके बाद पिता भी वाक्या सुनकर रोने लगे और तत्काल सरोजिनीनगर थाने पहुंचे जहां तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। वहीं इस मामले में डीसीपी केशव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को होटल का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है जिसके चलते मामले मे आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एटीएम बदलकर खाते से डेढ लाख रूपये निकाले

### पांच दिनों बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं

**नोएडा (चेतना मंच)।** असगरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर ठगों ने उनकी पत्नी के खाते से डेढ लाख रूपये निकाल लिए। पीड़ित एफआईआर लिखवाने के लिए पांच दिनों से थाने के चक्कर काट रहा है।

असगरपुर सेक्टर-128 निवासी सुनील कुमार पुत्र बनवारी चौहान ने बताया कि वे 19 सितंबर को सुल्तानपुर गांव के समीप आईसीआईसीआई एटीएम से 2 हजार रूपये निकाले तथा एटीएम में कैंसिल बटन दबाया तो वह कैंसिल नहीं हुआ। इसी बीच



उसके पीछे खड़े व्यक्ति ने मेरा एटीएम लेकर कैंसिल कराने की बात कही। उस व्यक्ति ने इस बीच उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। जब सुबह उसने मोबाइल पर मैसेज देखा तो पता चला कि उसकी पत्नी के खाते से 1.50 लाख रूपये निकल गए। तत्काल उन्होंने कॉल करके एटीएम बंद करवाया। जब वे तहरीर लेकर सेक्टर-126 थाने में शिकायत करने पहुंचे तो पुलिस ने तहरीर तो ले ली पर आज तक एफआईआर दर्ज नहीं की।

# तीन मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस -2 क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगे तीन मोबाइल फोन के टावरों से अज्ञात बदमाशों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिया है। थाना फेस-2 पुलिस ने बताया कि बीती रात को सुशांत त्यागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाशों ने गेझा गांव के पास लगे हुए मोबाइल फोन के टावर से कीमती उपकरण आरआरयू और अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिया है। एक अन्य मामले में सुशांत त्यागी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने थाना फेस-दो क्षेत्र के सेक्टर-83 में लगे मोबाइल फोन के टावर से कीमती उपकरण और अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिया है। एक अन्य मामले में सुशांत त्यागी ने बीती रात को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जालिम गैंग की पुलिस के साथ ठॉय-ठॉय

## मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए 3 बदमाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की थाना सैक्टर 58 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ठक-ठक गिरोह के तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया है। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ है जबकि दो बदमाशों को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जालिम गैंग के नाम से कुख्यात इन बदमाशों के कब्जे से चोरी के छह मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस और



बिना नम्बर प्लेट चोरी की स्पलेण्डर बाइक बरामद की गई है। एडीसीपी नोएडा मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने गैंग के (शेष पृष्ठ-3 पर)


# नोएडा में मेरे घर में आकर रहें केजरीवाल : राकेश अवाना

**नोएडा (चेतना मंच)।** आम आदमी पार्टी गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार के लिए मेरे घर के दरवाज़े हमेशा खुले हैं। जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा अगर अरविंद केजरीवाल चाहें तो वह मेरे घर आकर रहे सकते हैं। राकेश अवाना ने अपने बयान में कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश और समाज के लिए जो सेवा की है, वह अतुलनीय है। अगर अरविंद केजरीवाल नोएडा स्थित मेरे आवास पर आकर रहे तो यह है मेरे लिए गर्व की बात होगी कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

# एमिटी यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में 10 एकड़ में बनाएगा सीनियर सेकेंड्री स्कूल




- यीडा ने तीन विश्वविद्यालयों को आवंटित की 32 एकड़ जमीन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने तीन विश्वविद्यालयों को 32 एकड़ भूखंड आवंटित किए हैं। जिससे इस क्षेत्र में 780 करोड़ रूपये का निवेश होगा तथा इसके जरिए करीब 3 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

यीडा के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह ने बताया कि इस कड़ी में एमिटी विश्वविद्यालय की पैतृक संस्था मैसर्स रितनंद बलबेद एजुकेशन फाउंडेशन (आरबीईएफ) को 10 एकड़ भूखंड आवंटित किया गया है। जिसमें सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल स्थापित किया जाएगा। इसमें 170 करोड़ रूपये का निवेश होगा तथा 700 लोगों को रोजगार मिलेगा। उक्त संस्था के तहत वर्तमान में 12 विश्वविद्यालय, 28 स्कूल तथा प्री स्कूल संचालित हो रहे हैं।

प्राधिकरण के मुताबिक महात्मा गांधी भारतीय विद्यापीठ द्वारा संचालित एमजीएम से पहले महाराष्ट्र की एक और संस्था नरसी मोनजी विश्वविद्यालय अपना कैंपस यमुना सिटी में निर्माण कर रहा है। यहां पर मिलने वाली सुविधाएं और सहजता को देखते हुए महाराष्ट्र के अन्य शैक्षिक संस्थान भी प्राधिकरण से संपर्क कर रहे थे। इसी क्रम में एमजीएम (महात्मा गांधी मिशन) ने यहां पर आने में दिलचस्पी दिखाई। वह यहां पर मेडिकल कॉलेज बनाने जा रहे हैं। एमिटी और एमजीएम को 10-10 एकड़ और मंगलायतन विश्वविद्यालय को 12 एकड़ जमीन दी गई है। फिलहाल सेक्टर-22 ई (शेष पृष्ठ-3 पर)

# शोषण व अन्याय के खिलाफ कांग्रेस का जन अभियान शुरू





**नोएडा (चेतना मंच)।** आम जनता को भाजपा सरकार व विभिन्न विभागों में हो रहे शोषण से न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सोशल आउटरीच कमेटी के जिलाध्यक्ष जीशान चौधरी के नेतृत्व में आज जन अभियान का आगाज किया गया। कांग्रेस नोएडा महानगर कार्यालय पर कांग्रेस सोशल आउटरीच के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा मेरठ मंडल के प्रभारी कुलदीप अत्रेय दीपक ने इस जनअभियान का शुभारंभ किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि यदि आप उत्तर प्रदेश की तानाशाह बुलडोजर सरकार के किसी भी विभाग से पीड़ित है और उसकी सुनवाई नहीं हो रही है तो आपकी लड़ाई में कांग्रेस पार्टी मजबूती से आपके साथ खड़ी हैं। यदि सरकार के समस्त विभागों एवं संस्थानों में आपका कार्य भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक लापरवाही वजह से लंबित अथवा बाधित है और आपको न्याय नहीं मिल पा रहा है तो आप अपनी-अपनी शिकायत समस्या को हम तक तत्काल पहुंचाएं।

उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शिकायत पत्र पेटिका जिलाधिकारी के कार्यालय, जिला अस्पताल के गेट पर, जिला बस अड्डा, पुलिस कमिश्नर कार्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जाएगा। जहां पर हेल्पलाइन नंबर 9793 242 444 पर कॉल करें।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच की प्रदेश महासचिव रत्ना पांडे, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा अध्यक्ष मुकेश यादव, (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नोएडा में होटल बनाने का सपना होगा पूरा, प्राधिकरण ने लांच की स्कीम

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में होटल व्यवसाय शुरू करने वालों के लिए अच्छी खबर है। अगर आप होटल व्यवसाय शुरू करने या उसका विस्तार करने का सपना देख रहे हैं तो नोएडा में यह सपना जल्द पूरा होगा। नोएडा प्राधिकरण ने ई-नीलामी के जरिए नोएडा में होटलों के प्लॉटों के लिए स्कीम लांच की है। 'जैसा है वहीं है' के आधार पर प्राइम होटल प्लॉट की स्कीम 23 सितंबर 2024 को लांच की गई है।

नोएडा प्राधिकरण ने प्राइम होटल प्लॉटों की स्कीम लांच की है। नोएडा प्राधिकरण ने 23 सितंबर 2024 को नोएडा के 6 सेक्टरों में प्लॉटों की स्कीम (शेष पृष्ठ-3 पर)




### 9 अक्टूबर 2024 तक जमा होगी बोली

नोएडा प्राधिकरण द्वारा लांच की गई होटल प्लॉटों की स्कीम ई-नीलामी के माध्यम से होगी। प्लॉटों की योजना में इच्छुक व्यवसायी 9 अक्टूबर 2024 शाम 5.00 बजे तक बोली जमा करा सकते हैं। बोली जमा कराने की तिथि 17 अक्टूबर 2024 से शुरू होगी। होटल स्कीम के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे।



# सड़कों पर गड्ढों व जल भराव से व्यापारी परेशान, प्राधिकरण से की शिकायत

### बुनियादी सुविधा नहीं तो टैक्स क्यों भरे व्यापारी : विकास जैन

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रदेश सरकार को करोड़ों रूपये का राजस्व देने के बाद भी नोएडा के व्यापारियों को सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। यह आलम इस क्षेत्र का है जो उप्र का शो विंडो कहा जाता है।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन का कहना है कि नोएडा में सड़कों की हालत खस्ता है। कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे पैदल व वाहनों को चलने



में काफी परेशानी होती है। वहीं हादसों की हमेशा आशंका बनी रहती है।

श्री जैन ने बताया कि सेक्टर-49 को सेक्टर-48 से जोड़ने वाली सड़क की हालत काफी खस्ता है। यह सड़क पुराने पत्थर मार्केट से होकर गुजरती है। सड़कों पर गड्ढे के अलावा जगह-जगह जल भराव से स्थिति नारकीय हो गयी है।

उन्होंने प्राधिकरण के शीर्ष अफसरों से मांग की है कि इसे गंभीरता से लिया जाए तथा सड़कों की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि बुनियादी सुविधा नहीं मिलेगी तो व्यापारी टैक्स क्यों जमा करें। शासन व प्राधिकरण इस पर गंभीर चिंतन करे।

## योगी की विरासत

हमारी हजारों साल के योग की विरासत की सार्थकता निर्विवाद है। लेकिन प्रगतिशील कहे जाने वाले एक तबके का तर्क होता है कि योग को विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। हालांकि, अमेरिका,यूरोप व खासकर चीन में योग को लेकर बड़े शोध किए जा रहे हैं। कुछ समय पहले नोबेल पुरस्कार के सम्मानित एक अमेरिकी न्यूरो सर्जन ने माना था कि प्राणायाम मानसिक रोगों के उपचार में सबसे ज्यादा प्रभावी है। हालांकि, आज सारी दुनिया में योग बाजार सजाकर अरबों का कारोबार किया जा रहा है, लेकिन भारत में योग के प्रति वैसी दीवानगी नजर नहीं आती। निस्संदेह, मोदी सरकार को देश-विदेश में योग को प्रतिष्ठित करने तथा एलोपैथी व अन्य चिकित्सा विधाओं में समन्वय की दिशा में सार्थक पहल करने का श्रेय दिया जाना चाहिए। हाल ही में आईआईटी व एम्स दिल्ली द्वारा एमआरआई के जरिये कराये गए एक अध्ययन में इस बात की पुष्टि हुई कि योग निद्रा से न केवल नींद की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि मन के भटकाव को रोककर नींद को भी नियंत्रित किया जा सकता है। दरअसल, योग निद्रा सोने और जागने के बीच एक सचेतन अवस्था है। जिसका उपयोग योगी ध्यान साधना के लिये करते रहे हैं। योग निद्रा की मानसिक सेहत के लिये उपयोगिता निर्विवाद रही है। अब आईआईटी व एम्स दिल्ली के शोध में भी यह बात स्वीकारी गई कि इससे आराम के गहरे अहसास होते हैं। वहीं दूसरी ओर नियमित योग व ध्यान करने वाले प्रतिभागियों की नींद को नियंत्रित करने की क्षमता सामान्य प्रतिभागियों से अधिक पायी गई। इस वैज्ञानिक शोध में कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए। निस्संदेह, जिन लोगों को कई तरह के मनोकायिक रोग होते हैं, उनके लिये योग निद्रा रामबाण सिद्ध हो सकती है। यही वजह है कि अमेरिका व आस्ट्रेलिया आदि देशों में व्यावसायिक तनाव कम करने हेतु योग निद्रा पर जोर दिया जाता है। दिल्ली में हुए शोध में योग निद्रा से चेतना के उच्चतम स्तर को हासिल करने के तथ्य को भी स्वीकारा गया। शोधकर्ताओं ने माना कि योग निद्रा के जरिये गहरे अवचेतन मन में दबी कुंठाओं को मानसिक सतह पर लाकर, कालांतर उनसे मुक्ति में मदद मिलती है। जिससे व्यक्ति की सेहत में सुधार होता है। आज के आपाधापी के जीवन में जब हर कोई ओवर थिंकिंग के मर्ज से जूझ रहा है योग निद्रा हमारे मन के भटकाव को रोकने में भी मददगार हो सकती है। शोध के दौरान बनाये गए दो समूहों में से नियमित योग करने वाले समूह के लोगों के मस्तिष्क के पैटर्न के तुलनात्मक अध्ययन से पता चला कि योग निद्रा हमारे मस्तिष्क को कैसे नियंत्रित करती है। योगी बताते हैं कि कुछ मिनटों की योग निद्रा कई घंटे की सामान्य नींद के मुकाबले ज्यादा विश्रांति देने वाली होती है। व्यक्ति धीरे-धीरे योग निद्रा की अवधि बढ़ाकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकता है। वहीं यह हमारे ध्यान को गहरा बनाने में भी मददगार साबित हो सकती है। लेकिन अनुभवी योगी से सीखकर योगनिद्रा करने से अधिक बेहतर परिणाम पाये जा सकते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिस प्रकार तुम्हारा यह अज्ञानजनित भारी भ्रम दूर हो, ( भली-भाँति ) विवेक के द्वारा सोच-समझकर तुम वही करना। शिवजी की आज्ञा पाकर सती चलीं और मन में सोचने लगीं कि भाई! क्या करूँ ( कैसे परीक्षा लूँ )?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**इहाँ संभु अस मन अनुमाना। दच्छसुता कहुँ नहिं कल्याना॥**
**मोरेहु कहें न संसय जाहीं। बिधि बिपरीत भलाई नाहीं॥**

इधर शिवजी ने मन में ऐसा अनुमान किया कि दक्षकन्या सती का कल्याण नहीं है। जब मेरे समझाने से भी संदेह दूर नहीं होता तब (मालूम होता है) विधाता ही उलटे हैं, अब सती का कुशल नहीं है॥

**होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै साखा॥**
**अस कहि लगे जपन हरिनामा। गईं सती जहँ प्रभु सुखधामा॥**

जो कुछ राम ने रच रखा है, वही होगा। तर्क करके कौन शाखा (विस्तार) बढ़ावे। (मन में) ऐसा कहकर शिवजी भगवान श्री हरि का नाम जपने लगे और सतीजी वहाँ गईं, जहाँ सुख के धाम प्रभु श्री रामचंद्रजी थे॥

**दो0-पुनि पुनि हृदयँ बिचारु करि धरि सीता कर रूप।**
**आगें होइ चलि पंथ तेहिं जेहिं आवत नरभूप॥**

सती बार-बार मन में विचार कर सीताजी का रूप धारण करके उस मार्ग की ओर आगे होकर चलीं, जिससे (सतीजी के विचारानुसार) मनुष्यों के राजा रामचंद्रजी आ रहे थे॥

( क्रमशः.. )

# सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल

लगातार तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया।



**राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें।**

राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक़ दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन %सिख फॉर जस्टिस% की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो।

देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता।

वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक़ नहीं है, भारत को कश्मीर छोड़ना ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी। हालांकि नेशनल कान्फ्रेंस किस आधार पर अनुच्छेद 370 की वापसी की बात कर रही है वो समझ से परे है। क्योंकि यह साधारण सी बात है कि केंद्र में सत्ता मिलने पर ही अनुच्छेद 370 की वापसी संभव हो सकती है। जाहिर सी बात है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस को केंद्र में बहुमत नहीं मिलने जा रहा है।

धारा 370 की तरह सीएए पर भी राहुल गांधी का रुख बदलता रहा है। वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने सिटिजनशिप अमेंटमेंट एक्ट लागू किया। कांग्रेस ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ कांग्रेस बहुत बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया। जिसमें सोनिया गांधी, पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह और राहुल गांधी सहित सैकड़ों पार्टी समर्थक राजघाट पर सत्याग्रह पर बैठे थे। लेकिन सीएए लागू होने के बाद चुनावों को देखते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी। लोकसभा चुनावों के दौरान केरल में सीएए एक बहुत बड़ा मुद्दा था। केरल के कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनराय विजयन चुनाव अभियान के दौरान लगातार यह साबित करने में लगे रहे कि राहुल गांधी सीएए पर क्यों नहीं बोल रहे हैं।

कांग्रेस और राहुल गांधी ने मौके-बेमौके अल्पसंख्यकों को लेकर गहरी चिंता जताई है, किन्तु कांग्रेसशासित राज्यों में अल्पसंख्यकों के भले के लिए क्या अतिरिक्त प्रयास किए गए, इसका खुलासा कभी नहीं किया गया। तीन तलाक के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार का जमकर विरोध किया। जबकि तीन तलाक के मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे लागू करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक माफिया और गैंगस्टरों के मामलों में भी कांग्रेस का रवैया सहानुभूतिपूर्ण रहा है। इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी ने तो खुलकर इन गैंगस्टर्स का खुलकर समर्थन ही नहीं किया बल्कि सत्ता में रहने के दौरान बहुजन समाज पार्टी और सपा ने मंत्री पद तक के ओहदे से नवाजा था। कांग्रेस को यह समझना होगा कि क्षेत्रीय दलों का जनाधार सीमित है, जबकि कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल होने के साथ राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में अल्पसंख्यकों को रिझाने की राजनीति से भाजपा को ध्रुवीकरण का मौका मिलता रहेगा।

**- योगेन्द्र योगी**

## चुनौतियों के संग दिल्ली में 'आतिशी' पारी का आरंभ?

मैं आतिशी ईश्वर की शपथ लेती हूं..........के साथ ही आतिशी दिल्ली की 8वीं और तीसरी महिला मुख्यमंत्री बन गईं। पार्टी ने बहुत सोच समझकर उन्हें ये पद सौंपा है। महिला हैं, विश्वास पात्र हैं और पार्टी के प्रति पूर्ण वफादार भी हैं, इसलिए, वरना अरविंद केजीवाल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और झारखंड़ के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जैसा जाखिम जानबूझकर नहीं उठाते। उन दोनों ने भी कभी अपनी जगह जीतनराम मांझी और चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी थी, जिन्होंने कुछ महीनों में ही आंखें दिखानी शुरू कर दिया थी। खैर, केजरीवाल भी इस कड़ी में शामिल होते, उसके लिए उन्होंने गंभीरता से होमवर्क करके ही अपनी सीट पर आतिशी को बैठाने का निर्णय लिया। फिलहाल दिल्ली की स्थिति बिहार-झारखंड जैसी नहीं हैं। क्योंकि दिल्ली में अगले चार-पांच महीनों के भीतर ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। अब से कुछ समय बाद ही आचार संहिता लग जानी है।

पार्टी कार्यकर्ता आतिशी की ताजपोशी को बेशक 'आतिशी पारी' कह रहे हों, पर चुनौतियों की भी कोई कमी नहीं है? सभी भली भांति जानते हैं कि नई मुख्यमंत्री के लिए करने को कुछ ज्यादा नहीं है। सिर्फ नाम भर की मुख्यमंत्री रहेंगी। ये भी सच हैं कि कुर्सी पर बेशक आतिशी बैठें, लेकिन चलाएंगे केजरीवाल ही? सरकार संचालन का रिमोट केजरीवाल के पास ही सदैव होगा। बहरहाल, अरविंद केजरीवाल अभी कोर्ट-कचहरी और कानूनी पचेड़े में बुरी तरह से फंसे हुए हैं। आतिशी को दिल्ली की कमान सौंपने के पीछे एक वजह ये भी है कि वो महिला हैं इसलिए विपक्ष खासकर भाजपा खुलकर हमलावर नहीं होगी। पार्टी नेताओं की माने तो आतिशी को चुनाव तक के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बीच वो गड़बडाई पार्टी की स्थिति को कितना संभाल पाती हैं, ये उनके सामने कड़ी परीक्षा जैसी रहेगी।

फिलहाल राज निवास में आयोजित एक समारोह में शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उनको मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उन्होंने भारत की 17वीं महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव भी हासिल कर लिया। समारोह में मौजूद रहे विपक्षी नेता बिजेंद्र गुप्ता, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने भी उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाइयां दी। दिल्ली के कालकाजी से विधायक आतिशी ने शपथ लेने के बाद अरविंद केजरीवाल के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। आतिशी आम आदमी पार्टी के कोटे से चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं, उनसे पूर्व 3 मर्तबा पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल खुद मुख्यमंत्री रहे हैं। आतिशी के जगह अगर कोई पुरुष नेता मुख्यमंत्री बनता, तो भाजपा हमलावर होती। इसलिए केजरीवाल ने महिला को सीएम की कुर्सी सौंपकर बड़ा सियासी दांव खेला है।

मुख्यमंत्री आतिशी के समक्ष चुनौतियां बेशक हजार हो, लेकिन पार्टी उनके पीछे खड़ी है। पार्टी उन्हें चुनाव तक धुंआधांर पारी खेलने का मौका देगी। क्योंकि अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी की वापसी भी करवानी है। मीडिया और सार्वजनिक रूप से सबसे बड़ा सवाल यही है चारो ओर गूंज रहा है कि क्या अगले वर्ष होने वाले चुनाव तक मुख्यमंत्री आतिशी पार्टी की वापसी करवा पाएंगी या नहीं? दिल्ली के सरकारी कामकाज काफी हद तक रुके हुए हैं। उन्हें दोबारा से संचालित करना होगा। पार्टी के कई नेता नाराज होकर दूसरे दलों में चले गए हैं और कोई न जाए, उन्हें रोकना होगा। रूठे नेताओं को मनाना होगा। एमसीडी जोन चुनाव में पार्टी भाजपा से पिछड़ चुकी है, दोबारा से पटरी पर लाना होगा। ऐसे कई मुद्दे नई मुख्यमंत्री के सामने मुंह खोले खड़े हैं। उन सभी को उन्हें पार पाना होगा। कुछ कठोर निर्णय भी लेने पड़ सकते हैं। अगले सप्ताह विधानसभा का सत्र भी बुलाया गया ।दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य महका भी



चरमरा गया है, जबकि ये ऐसे महकमें है जिनके बूत उनकी पार्टी प्रचार करती है। शिक्षा में क्रांति लाने वाले मनीष सिसोदिया भी मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं है।

दिल्ली में पूर्व के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल पर अगर नजर डाले, तो कईयों का बहुत अच्छा इतिहास और शानदार कार्यकाल रहा। एकाध मुख्यमंत्रियों ने तो लंबे समय तक राजधानी पर राज किया। पहले मुख्यमंत्री थे ब्रह्म प्रकाश, जो 17 मार्च 1952 से लेकर 12 फरवरी 1955 तक दिल्ली के मुखिया रहे। दूसरे, नंबर पर गुरमुख निहाल सिंह रहे जिनका कार्यकाल 12 फरवरी 1955 से लेकर 1 नवंबर 1956 तक रहा। तीसरे, मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना हुए उन्होंने 2 दिसंबर 1993 से लेकर 26 फरवरी 1996 तक दिल्ली की कमान संभाली। चौथे मुख्यमंत्री की बात करें, तो साहिब सिंह वर्मा थे जिन्होंने 26 फरवरी 1996 से लेकर 12 अक्टूबर 1998 तक दिल्ली को मुख्यमंत्री के तौर पर संभाला। वहीं, पहली महिला मुख्यमंत्री सुषमा स्वराज थी जिनका कार्यकाल कम अवधि का था, वह मात्र 12 अक्टूबर 1998 से 3 दिसंबर 1998 तक ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहीं।

वहीं, दूसरी महिला मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित ने लंबा कार्यकाल बिताया उन्होंने 3 दिसंबर 1998 से लेकर 1 दिसंबर 2003, 2 दिसंबर 2003 से 29 नवंबर 2008 तक और फिर 30 नवंबर 2008 से 28 दिसंबर 2013 तक दिल्ली की सेवा की। उनका कार्यकाल कई मायनों में यादगार रहेगा। सफल कॉमनवेल्थ गेम्स से लेकर मेट्रो के आगमन का श्रेय उन्हीं ही दिल्लीवासी देते हैं। इन सभी के बाद फिर आम आदमी पार्टी का आगाज हुआ, नई आम आदमी पार्टी वजूद में आई उनके संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 28 दिसंबर 2013 से लेकर 14 फरवरी 2014 तक, फिर 14 फरवरी 2015 से लेकर 15 फरवरी 2020 और फिर 16 फरवरी 2020 से लेकर 21 सितंबर 2024 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। अब आतिशी की पारी का आगाज हुआ है। दिल्लीवासियों को उनसे भी बहुत उम्मीदें हैं, देखते वह कितना खरा उतर पाती हैं।

**- डॉ. रमेश ठाकुर**

## राशिफल

**आश्विन कृष्ण पक्ष : सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम रहेगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन का आगमन बढ़ेगा। स्वास्थ्य ठीक ठाक रहेगा, प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार बहुत अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
पहले से बेहतर समय कहा जाएगा। स्वास्थ्य में सुधार। धन आगमन। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम में दूरी। स्वास्थ्य ऊपर-नीचे। व्यापारिक दृष्टिकोण से मध्यम समय। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय से नवीन सोर्स बनेंगे, पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान का साथ। व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य में ध्यान दें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। वैवाहिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। दबे कुचले से महसूस करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
गुस्से पर काबू रखें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। एक घर में अच्छी स्थिति। एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य ने बताया दादरी और बिसरख ज़ेवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने किया।

स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से अनेक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। आइए, हम सभी इस सेवा भावना को आगे बढ़ाएं और स्वस्थ, समर्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। ज़ेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि इन स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों के माध्यम से जनता के स्वास्थ्य परीक्षण से आये रोगियों के रोग को दूर करने में मदद मिलेगी ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों से सेवा के कार्यों को और बल मिलेगा इस अवसर पर मुख्यरूप से सेवा पखवाड़ा ज़िला सह संयोजक रवि जिन्दल दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरीश भाटी मुकेश चौहान संगीता तिवारीदीपक यादव कमल जैन अमित पंडित रजनी तोमर पूजा गंगानिया राजीव सिंघल विजय रावल सुनील रावत आदि कार्यकर्ता एवं सैकड़ों स्वास्थ्य परीक्षण जाँच शिविरों में आए नागरिक उपस्थित रहे।


# वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराकर करन ने किया दादरी का नाम रोशन

**दादरी ( चेतना मंच )।** आदर्श नगर निवासी करन शर्मा ने लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराके किया अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

करन शर्मा ने दिन रात मेहनत करके अपनी जनरल नॉलेज की एक पुस्तक लिखी। जिसका नाम 'देश को पहचाने' रखा जिसमे इतिहास से लेके अब तक की जानकारी है जो बच्चो को कंपटीशन एग्जाम्स को पास कराने में अहम भूमिका प्रदान करेगी। यह पुस्तक 'देश को पहचाने' बच्चों के ज्ञान व कौशल विकास को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभायेगी। इस पुस्तक को लिखने में 5 माह से अधिक का समय लगा।

करन शर्मा ने बताया उन्होंने अपनी पूरी पढ़ाई डिसेंट पब्लिक स्कूल से पूर्ण की और उसके बाद लॉ की पढाई पूरी करने के बाद इस पुस्तक को लिखा वह एक आईटी कंपनी के कार्यरत है इस पुस्तक को लिखने के लिए उन्होंने रात्रि के समय का उपयोग किया। यह पुस्तक उन्होंने समाज से प्रेरणा लेकर लिखी उनका परिवार शिक्षा के छेत्र में लंबे समय से जुड़ा हुआ है।

इसका सर्टिफिकेट भी लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा करन शर्मा को ईमेल के माध्यम से दिया गया है इसके अंतर्गत एक सर्टिफिकेट, एक ट्रॉफी और एक मेडल लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के दफ्तर से पोस्ट के माध्यम से भेज दिया गया है। उन्होंने बताया वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना उनका सपना था।




# किसान एकता संघ ने बिजली के प्रीपेड मीटर का किया घोर विरोध



**दनकौर ( चेतना मंच )।** आज किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत दनकौर में राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में झाझर रोड़ पर एकत्रित होकर यूपीपीसीएल (उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिलेट) द्वारा दनकौर नगर पंचायत में लगाए जा रहे बिजली के प्रीपेड मीटरों के विरोध सभी मुख्य मार्गों पर जागरूकता रैली निकालकर विरोध किया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने बताया कि नगर पंचायत के सभी निवासियों को जागरूक किया और लोगों से आवाहन किया की सभी नगर वासी एकजुट होकर प्रीपेड मीटरों का विरोध करें और इसको नही लगने दिया जाए। प्रीपेड मीटरों को तत्काल प्रभाव लगने से रोका जाए अभी ग्रामीण क्षेत्र और नगर पंचायत क्षेत्र में किसान व माध्यम वर्ग के लोग निवास करते है। जो रोज कमाते और खाते है। आजीविका चलाने के लिए भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटरों का किसानों व मध्यम वर्ग के लोगों पर भारी बोझ पड़ेगा।

ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन दनकौर पुलिस को सौपा और कहा की किसान एकता संघ संगठन प्रीपेड मीटरों का पुरजोर विरोध करता है। तत्काल प्रभाव से प्रीपेड मीटरों के लगाने पर रोक लगाई जाए अन्यथा किसान एकता संघ संगठन प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। इस मौके पर अखिलेश प्रधान, प्रमोद शर्मा, सतीश कनारसी, पप्पे नागर, मनीष नागर, जयप्रकाश नागर, दुर्गेश शर्मा, अरुण खटाना, हिमाचल कसाना, शौकीन, गुड्डू प्रधान, परवेज खान, हेमी कसाना, फरमान, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोजपा ने हमेशा बिहार को आगे बढ़ाया : अमरेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोक जनशक्ति पार्टी (व्यापार सभा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नोएडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अमरेश श्रीवास्तव ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी हमेशा बिहार के विकास में अपना अहम योगदान दिया है।



उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार में कई योजनाएं चलवाई हैं जिसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी लोजपा के कार्यकर्ता पार्टी को बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने व्यापार सभा के सभी पदाधिकारी का धन्यवाद देते हुए कहा कि व्यापार सभा के कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे हैं विकास कार्य सराहनी एवं स्वागत की योग्य है।

# मजदूरों ने मनाया काला दिवस सीटू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रमिक विरोधी चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड़ों) के खिलाफ सीटू सहित विभिन्न ट्रेड यूनियनों ने 23 सितंबर 2024 को पूरे देश में श्रमिकों से काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। उक्त आह्वान के तहत सीटू गौतम बुध नगर से जुड़े मजदूरों/ कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया।

फेस-2, नोएडा वाइब्रो कास्टिक कंपनी पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि पूरे देश में मजदूरों द्वारा लगातार विरोध के बावजूद भी सरकार श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को लागू करने का प्रयास कर रही है। ऐसे हालात में श्रमिक वर्ग के सामने इन दमनकारी लेबर कोड़ों को निरस्त कराने के लिए सीधे संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

अंबुजा सीमेंट कंपनी दादरी एनटीपीसी प्लांट पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि किसानों की तरह कृषि कानूनों को वापस करवाने की तर्ज पर हम मजदूरों को आंदोलन को तेज करते हुए श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को वापस करने तक संघर्ष को जारी रखेंगे। बीएचईएल सेक्टर- 16, नोएडा पर प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांटेक्ट लेबर यूनियन के नेता रणजीत सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से महंगाई, बेरोजगारी व श्रमिक उत्पीड़न बढ़ा है। शाहदरा सेक्टर-142, नोएडा पर वेंडर्स के प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव राम स्वारथ ने कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों की विरोध सभा को संबोधित करते हुए ग्रेटर नोएडा माली व सफाई कर्मचारी यूनियन के महा मंत्री रामकिशन सिंह ने कहा कि भाजपा शासन में कर्मचारियों का शोषण बढा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट यूसुफपुर चकसवेरी पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू नेता नरेंद्र पांडे ने कहा कि हर हाल में हम श्रमिक विरोधी लेबर कोड़ों को रद्द कराकर ही दम लेंगे। अनमोल इंडस्ट्री उद्योग विहार ग्रेटर नोएडा पर विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अनमोल इंडस्ट्रीज इंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष मुकेश कुमार राघव ने श्रमिकों से कहा कि अगर आज हम सरकार के हमलों के खिलाफ एकजुट नहीं होते हैं तो हमारे संघर्षों से हासिल सभी अधिकार छीन जाएंगे। इसलिए आज एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है।




इसी तरह जगह-जगह हुए विरोध प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए सीटू नेता पारस रजक, पूनम देवी, भरत डेंजर, हुकम सिंह, सुनील पंडित, विकास कुमार, सुखलाल, मौ.फिरोज, संतोष कुमार, टीकम सिंह आदि ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर जीवन व आजीविका और अपने अधिकारों को बचाने के लिए प्रतिरोध को तेज करते हुए 5 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने की अपील किया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**जालिम गैंग की पुलिस...**

बदमाश एजाज व उसके दो साथियों उमरदराज और आसिम उर्फ हासिम को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना सेक्टर 58 पुलिस जयपुरिया चौराहा सैक्टर-62 के पास चैकिंग कर रही थी. तभी पुलिस को एक बाइक पर तीन व्यक्ति सवार आते हुये दिखाई दिये, पुलिस के रूकने का इशारा करने पर बाइक नही रोकी और पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने प्रयास करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

एडिशनल डीसीपी नोएडा ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि ये लोग नोएडा, दिल्ली एनसीआर में ज्यादा ट्रैफिक वाली जगह पर गाडी में बैठे लोगो से जब गाडी धीमी या रूक जाती तभी जाम का फायदा उठाकर इनमे से एक व्यक्ति गाडी का शीशा खटखटाता है। गाडी में व्यक्ति शीशे को नीचे करता है तो उसे पीछे रोड पर एक्सीडेन्ट करने का बहाना बताकर बातों में उलझाकर रखता। तभी इनमे से दूसरा व्यक्ति गाडी से मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते है।

गिरफ्तार किये गये बदमाश ठक ठक गैंग के जालिम गैंग के नाम से कुख्यात हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि यह लोग दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जगहों पर जहां पर भी जाम लगता है। वहां इस तरह की घटनाएं कर चुके है। असिफ उर्फ हासिम उर्फ लडडन, एजाज, उमर दराज, खुर्रम पूर्व में भी जिला मेरठ से जेल जा चुके है। पुलिस आरोपियों का अपराधिक इतिहास खंगालने जुटी है।

**नोएडा में मेरे घर में...**

ऐसा सशक्त और ईमानदार नेता हमारे घर में रहे। यह समर्थन अरविंद केजरीवाल के प्रति उस विश्वास और भरोसे को दर्शाता है,जो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और उत्तर प्रदेश की जनता के दिलों में है। अवाना ने आगे कहा गौतमबुद्धनगर के हजारों लोग अरविंद केजरीवाल के कार्यों से प्रेरित हैं और उनके नेतृत्व को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं। वे हमारे लिए सिर्फ नेता नहीं, बल्कि एक परिवार के सदस्य हैं।

जिलाध्यक्ष अवाना का यह कदम उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच एक संदेश है कि अरविंद केजरीवाल के प्रति उनका समर्थन अटूट है, चाहे राजनीतिक परिस्थितियां कैसी भी हों।

**तीन मोबाइल फोन के...**

थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने हौजरी कंपलेक्स के पास लगे मोबाइल फोन के टावर से कीमती उपकरण आरआरयू और अन्य सहायक उपकरण चोरी कर लिया है।

**एमिटी शिक्षण संस्थान यमुना...**

में तीन विश्वविद्यालय जेबीएम, नरसी मोनजी और फोर स्कूल निर्माणाधीन हैं। इस सेक्टर में पांच और विश्वविद्यालयों को जमीन आवंटित करने की योजना थी। इसी क्रम में तीन विश्वविद्यालयों को भूखंड दिए गए हैं। मंगलायतन विश्वविद्यालय की शाखाएं रांची, अलीगढ़, पंजाब, सिक्किम और ईटानगर में पहले से ही हैं। एमजीएम के पांच मेडिकल कॉलेज हैं।

यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर अरुण वीर सिंह ने बताया कि नरसी मोनजी के बाद महाराष्ट्र का सबसे बड़ा शैक्षिक समूह एमजीएम है। नरसी मोनजी की यूनिवर्सिटी पहले से बन रही है। इनको मिलने वाली सुविधाओं से एमजीएम के मैनेजमेंट प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के कई शैक्षिक संस्थान यहां आने में रुचि दिखा रहे हैं।

**नोएडा में होटल बनाने...**

को लांच किया है। नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा के सेक्टर-93बी में 2 हजार स्क्वायर मीटर तथा सेक्टर-93बी में ही 2 हजार स्क्वायर मीटर के दो प्लॉट लांच किए हैं। जिनका रिजर्व प्राइज 44,08,00,000 रखा गया है। इसके साथ ही 93बी में 2090 स्क्वायर मीटर का प्लॉट है जिसका रिजर्व प्राइज 45,61,98,930 रखा गया है।

प्राधिकरण कैटिगरी-2 में स्टार कैटिगरी होटल्स के लिए नोएडा के सेक्टर-105 में 7500 स्क्वायर मीटर का प्लॉट लाई है। इसका रिजर्व प्राइज 1,38,18,52,500 रखा गया है। नोएडा के सेक्टर-142 में 5200 स्क्वायर मीटर के प्लॉट का रिजर्व प्राइज 98,83,22,400 रखा गया है। नोएडा प्राधिकरण ने होटल प्लॉटों की स्कीम के लिए नोएडा के सेक्टर-135 में 24000 स्क्वायर मीटर का प्लॉट भी है। इसका रिजर्व प्राइज 4,10,70,00,000 रखा गया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का दावा है कि होटल प्लॉटों की इस स्कीम से प्राधिकरण को अच्छा राजस्व मिलेगा तथा नोएडा में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

**शोषण व अन्याय...**

जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर सोशल आउटरीच जिला अध्यक्ष जीशान चौधरी, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा सोशल आउटरीच अध्यक्ष योगिंद्र भाटी,पूर्व एआईसीसी सदस्य एडवोकेट दिनेश अवाना, पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन, गौरव अधना, अभिजीत भारद्वाज, यश भारद्वाज, अंश बैरागी, सुशील, मनप्रीत सिंह, ज्योति पाल, रवि यादव, सोहिल, रितेश कुमार, अंशु जायसवाल, अरुण प्रधान, नितिन, रोनी, डैनी, आदिल, पूजा गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी में फरार चल रहा बिल्डर हरेन्द्र यादव गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

## 2 सितंबर को पुलिस ने की थी बिल्डर के ठिकानों पर छापेमारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा पुलिस की कई दिनों की मशक्कत के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी में फरार चल रहे सनशाइन बिल्डर हरेन्द्र यादव को धर दबोचा है। पुलिस की तीन टीमें काफी दिनों से उसकी तलाश कर रही थीं। पुलिस उसके दो अन्य फरार आरोपी कृष्ण कुमार तथा अनिल प्रकाश की भी तलाश कर रही हैं।

बता दें कि फ्लैट खरीदार की तरफ से लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप पर 2 सितंबर को पुलिस ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। दो हार्ड डिस्क, दो लैपटॉप, मोबाइल व 100 से ज्यादा फाइलें कब्जे में ली गई थीं।

एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में नामजद हरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद कंपनी के एमडी को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही उनके करीबियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। ईओडब्ल्यू भी बिल्डर के ऊपर लगे कई मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-78 स्थित सनशाइन हिल्योस सोसाइटी के निवासियों ने इसी माह कंपनी के एमडी के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। सनशाइन बिल्डर के ऊपर सोसाइटी के लोगों ने आरोप लगाया था कि बिजली के बिल, मैनटेनेंस चार्ज , आईएफएमएस फंड और एओए के गठन को लेकर बिल्डर लगातार जालसाजी करता आ रहा है। इसको लेकर काफी दिनों से सोसाइटीवासियों और बिल्डर के बीच तनातनी चल रही थी। सोसाइटी की ओर से कई बार प्रबंधन से इसकी शिकायत की गई। लेकिन उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया गया। शिकायत में बताया गया बिल्डर ने करोड़ों रुपए का गबन किया।

उसने सोसाइटीवासियों से पैसा लिया लेकिन अब तक सोसाइटी एओए के हैंडओवर नहीं की गई। यही नहीं बिजली बिल, पानी , मैनटेनेंस के अलावा तमाम अन्य मदों में पैसा लेकर काम नहीं कराया। बिल्डर द्वारा जबरन नोटिस भेजकर वसूली तक की जा रही है। आरोपों की जब पुलिस ने गहनता से जांच की तो सामने आया कि कंपनी के एमडी की ओर से सोसाइटी के लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई है। निवासियों ने जब थाने में शिकायत की थी तो उसमें हरेंद्र यादव के साथ ही कृष्ण कुमार और अनिल प्रकाश भी नामजद हुए थे। अन्य दो की भी तलाश जारी है।

# किसानों की समस्याओं से सरकार का कोई लेना-देना नहीं : सुधीर भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश के किसानों की समस्याएं सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ी है लेकिन सरकार उसका निदान करने में पूरी तरह से असफल है सर्वणनगरी स्थित प्रेस क्लब में आयोजित एक वार्ता में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह कही है। उन्होंने कहा कि गौतम बुध नगर जिले के किसान परेशान है लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर महीने गौतम बुद्ध नगर आते हैं। लेकिन उन्हें किसानों की समस्या दिखाई नहीं पड़ती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश बदहाल है लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री एवं विधायक जुमलेबाजी में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंग प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



# पंचायत पुनर्गठन से युवा पीढ़ी को मिल सकेगा राजनीति में आने का मौका : कर्मवीर नागर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता कर्मवीर नागर प्रमुख ने गौतमबुद्धनगर जिले में पंचायतों के गठन की मांग की है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि जब सन् 2015 में औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के गांवों में पंचायत पुनर्गठन बंद हुआ था तो उस समय अधिकतर लोगों ने इस उम्मीद में राहत की सांस ली थी कि औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांवों का विकास शहरी सेक्टर की तर्ज पर होगा और पंचायत चुनाव की वजह से आपसी चुनावी रंजिश भी गांवों में समाप्त हो जाएगी। लेकिन प्राधिकरण द्वारा गांवों की विकास की अनदेखी के कारण लोगों की इस सोच और उम्मीद को काफूर होने में ज्यादा वक्त नहीं लगा । यही वजह है कि अब गौतम बुद्ध नगर के औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित 288 गांवों में चौतरफा पंचायत पुनर्गठन की आवाज उठने लगी है। क्योंकि औद्योगिक नगरीय क्षेत्र गांवों के विकास की उचित रूप से सुध न लेने से सभी गांव स्लम बस्ती में तब्दील होते नजर आ रहे हैं। इस बार की बरसात ने तो प्राधिकरण के विकास की पोल खोल कर रख दी।

पंचायत पुनर्गठन को लेकर चौतरफा उठ रही आवाज का कारण केवल विकास कार्यों तक ही सीमित नहीं है बल्कि इन गांवों के जरूरतमंद और पात्र लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। यहां तक कि इन गांवों में परिवार रजिस्टर को अपडेट करने के लिए, स्वरोजगार योजनाओं का मार्गदर्शन करने के लिए कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी तक तैनात नहीं है। ग्राम पंचायत न होने की वजह से इन गांवों के पात्र लोग आयुष्मान योजना से अभी तक वंचित हैं। इसी तरह की तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिलना तो दूर रहा इन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को जानकारी तक देने वाला कोई नोडल अधिकारी तक नहीं है। एक्ट की धारा 243- क्यू के अनुसार औद्योगिक नगरीय क्षेत्र घोषित गांवों में म्युनिसिपल सेवाओं के लिए जिम्मेदार नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण में पहले ही अधिकारियों एवं कर्मचारी की कमी के लाले पड़ रहे हैं ऐसी भी इन प्राधिकरणों से गांवों में म्यूनिसिपल सेवाएं मुहैया कराने की उम्मीद रखना गांव के लोगों की कोरी कल्पना के सिवा कुछ नहीं, इन औद्योगिक प्राधिकरणों की कार्यशैली और हालात जग जाहिर हैं।जो प्राधिकरण उन किसानों के भूखंड आवंटन, बैकलीज और मुआवजा जैसे वाजिब हक देने में भी रुचिकर नजर नहीं आते जिनकी जमीनों को दशकों पूर्व अधिग्रहण कर लिया गया तो उन प्राधिकरणों से केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को इन गांवों में अम्ल की उम्मीद करना बेमानी नजर आती है।

गांवों के विकास की दृष्टि के अलावा अगर राजनैतिक दृष्टि कोण से भी देखा जाए तो पंचायती राजव्यवस्था राजनीति की प्रथम सीढ़ी है।लेकिन गौतम बुद्ध नगर की 288 गांवों में पंचायत पुनर्गठन न होने के कारण गौतम बुद्ध नगर की युवा पीढ़ी के लिए धरातल की राजनीति सीखने के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं और युवा पीढ़ी को राजनीति की नई पौध के रूप में विकसित होने से वंचित कर दिया गया है। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी युवाओं को देश की राजनीति में आगे आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

## पुष्पा इम्पॉसिबल में प्रभास ने लिया अपना बदला



मुंबई। सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा वह एक दृढ़ निश्चयी महिला है, जो जीवन की चुनौतियों का सामना आशा और उम्मीद के साथ करती है। आने वाले एपिसोड में प्रभास बदले की अपनी रणनीति को नए चरम पर पहुंचाना चाहता है और उसकी हरकतें भयावह होती जाती हैं। एक तरफ पुष्पा चॉल में जहर देकर प्रभास की फैलाई अराजकता से निपट रही है, वहीं दूसरी तरफ सुशीला को प्रसव पीड़ा होती है। सुशीला के बच्चे को जन्म देने ही वाली होती है और स्थिति और भी तनावपूर्ण और खतरनाक हो जाती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, पुष्पा को सुशीला और बापोदरा को जानलेवा हमले से बचाने के लिए दौड़ लगानी होगी। क्या पुष्पा प्रभास को चकमा दे पाएगी और देर होने से पहले सभी को उसकी खतरनाक साजिशों से बचा पाएगी।

## विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है : नायडू

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने विमान परिचालन की सुरक्षा के लिए विमानन मनोविज्ञान क्षेत्र के साथ-साथ तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत प्रणालियों की आवश्यकता पर सोमवार को जोर दिया। उन्होंने पायलट सहित अन्य के लिए तनाव तथा थकान से निपटने के लिए मजबूत कार्यक्रमों की भी वकालत की। नायडू ने कहा कि विमानन मनोविज्ञान के लिए औपचारिक कार्यक्रमों का अभाव है। उन्नत मनोवैज्ञानिक पहलुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि मानवीय कारक भी विमान दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार होते हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विमान दुर्घटनाओं में मानवीय कारक पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में यह टिप्पणी की। नायडू ने कहा कि सुरक्षा उपायों को भारतीय विमानन क्षेत्र की तीव्र वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखना होगा। उन्होंने लोगों को निरंतर कौशल प्रदान करने तथा उनका कौशल बढ़ाने का आह्वान किया।

## भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूत : क्रेडाई

सिडनी। भारतीय रियल एस्टेट बाजार में आवास की मांग मजबूत बनी हुई है और इसमें मंदी की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही मांग पूरा करने के लिए अधिक नई पेशकश की जरूरत है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष संगठन क्रेडाई के अनुसार किसी तिमाही में मकानों की बिक्री कम पेशकश की वजह से गिर सकती है, लेकिन कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद बढ़ी उपभोक्ता मांग बरकरार है। क्रेडाई 23-26 सितंबर को यहां अपना प्रमुख सम्मेलन क्रेडाई नैटकॉन आयोजित कर रहा है। इसमें 1,100 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। चालू तिमाही में बिक्री में अनुमानित गिरावट के बारे में पूछे जाने पर क्रेडाई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सितंबर तिमाही में नई पेशकश कम रही हैं। अधिकारी ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कोई इन्वेंट्री नहीं है। अच्छे डेवलपर की ओर से सही स्थानों तथा आकर्षक कीमतों पर आवासीय संपत्तियों की भारी मांग है।

## एप्पल के उत्पादों में पाई गई कई खामियां, सरकार ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली। टेक दिग्गज कंपनी एप्पल द्वारा बहुप्रतीक्षित आईफोन 16 सीरीज लॉन्च करने के कुछ ही दिनों बाद, भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन) ने एप्पल के विभिन्न उत्पादों में पाई गई कई कमजोरियों को लेकर हाई सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत साइबर सिक्योरिटी की निगरानी करने वाली संस्था सीआईआरटी-इन ने चेतावनी दी है कि इन कमजोरियों का उपयोग हैकर्स द्वारा न केवल संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में करोड़ों की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# पथ निर्माण कार्य में लाएं तेजी : मुख्यमंत्री

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जहानाबाद जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत 57 करोड़ 14 लाख 59 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 65 करोड़ 62 लाख 4 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना से जहानाबाद जाने के क्रम में सरिस्ताबाद गांव के पास एनएच-30 और नाथूपुर गांव के पास एनएच-83 को जोड़ने वाले निमार्णाधीन पटना-गया-डोभी लिंक पथ का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना-गया-डोभी (एनएच 83) मार्ग पर अवस्थित जहानाबाद में निमार्णाधीन आरओबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कनौदी गांव के पास एनएच 83 पर ही आयोजित समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग



के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पटना-गया-डोभी पथ के निर्माण कार्य के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने जहानाबाद के कल्पा ग्राम में नवनिर्मित कल्पा पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। पंचायत सरकार भवन परिसर में ही आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के अंतर्गत 4.70 करोड़ रुपये की लागत से जहानाबाद जिला में नवनिर्मित अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति सह महिला थाना भवन का उद्घाटन किया तथा 15.55 करोड़ रुपये की लागत से जहानाबाद जिला में 150 महिला सिपाही बैरक, अभियोजन भवन, प्रक्षेत्रीय जिला प्रोबेशन कार्यालय भवन सहित कुल 11 पुलिस भवनों का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत लाभुकों को चेक, उज्ज्वल दृष्टि योजना अंतर्गत वृद्ध जनों को चश्मा भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने लाभुकों को आयुष्मान भारत कार्ड, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को कुल 5 लाख 21 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, भूमि संरक्षण अंतर्गत जल छाजन विकास योजना के तहत 50 लाभुक किसानों को 25 लाख का सांकेतिक चेक तथा 5573 जीविका स्वयं सहायता समूहों को 45 करोड़ 26 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कल्पा ग्राम स्थित तालाब के जीर्णोद्धार कार्य तथा पेवर ब्लॉक पथ का भी निरीक्षण किया और तालाब किनारे बेहतर ढंग से पौधरोपण कराने तथा सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सैमसंग इंडिया का बिग टीवी फेस्टिवल 10 नवंबर तक




रांची। इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, ने इस त्यौहारी सीजन को और खास बनाने के लिए बिग टीवी फेस्टिवल की शुरूआत की है। 14 सितंबर से 10 नवंबर, 2024 तक चलने वाले इस ऑफर में प्रीमियम एआई पावर्ड बड़े टीवी जैसे नियो क्यूएलईडी 8के नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी पर बेजोड़ डील्स मिल रही हैं। इस प्रमोशन में रोमांचक मुफ्त उपहार, 20 प्रतिशत तक कैशबैक, तीन साल की वारंटी और आसान ईएमआई ऑफर शामिल हैं। सैमसंग बिग टीवी फेस्टिवल के साथ, ग्राहक एआई तकनीक से लैस बेहतरीन विजुअल और साउंड क्वालिटी वाले टीवी का आनंद ले सकते हैं। सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर विपलेश डांग ने कहा, आज के भारतीय घरों में टीवी सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि तकनीक और जीवनशैली को जोड़ने वाला एक अहम हिस्सा बन गया है। बड़े स्क्रीन वाले टीवी की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमें सैमसंग बिग टीवी फेस्टिवल को फिर से लाने पर गर्व है। इन प्रीमियम एआई टीवी में विजुअल और साउंड का बेहतरीन अनुभव देने के साथ-साथ सैमसंग नॉक्स की सुरक्षा भी मिलती है।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने एनएच 57 को घंटों जाम कर किया प्रदर्शन

एजेंसी

अररिया। अररिया के रामपुर कोदरकट्टी स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में सोमवार को प्राचार्य के द्वारा मोबाइल चार्जर को लेकर छात्रों के दो गुटों में हुए विवाद को लेकर कुछ छात्रों के साथ की गई पिटाई के विरोध में आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के मुख्य गेट के सामने एनएच 57 को घंटो जामकर प्रदर्शन किया। प्राचार्य समेत कॉलेज प्रबंधन की ओर से की गई एक पक्षीय कार्रवाई का विरोध आक्रोशित छात्रों ने सड़क पर टायर जलाकर किया। इस दौरान फोरलेन सड़क के दोनों ओर गाड़ियों का लंबा काफिला खड़ा हो गया।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से छात्रों



को समझा बुझाकर जाम को हटाया। पिछले शनिवार को मोबाइल के चार्जर को लेकर कॉलेज के जूनियर छात्र सचिन कुमार, सेन कुमार, सोनू कुमार, प्रिंस कुमार के साथ सीनियर छात्रों ने बजरंगबली चौक पर आपसी झड़प करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले को लेकर छात्रों ने इसकी लिखित शिकायत कॉलेज के प्राचार्य को किया।उस दिन भी एक पक्ष के लोगों ने पुलिस के अधिकारियों को मोबाइल से आपसी झड़प की सूचना दी थी। जिस पर पुलिस प्रशासन उस दिन कॉलेज पहुंचकर छात्रों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया था। मोबाइल चार्जर को लेकर विवाद और कॉलेज में पुलिस के आने को लेकर सोमवार को जब प्राचार्य अभिजीत कुमार, प्रो. लवकुश कुमार कॉलेज पहुंचे तो सीनियर छात्र रितेश कुमार, नितिन कुमार, प्रेषित कुमार, राजू कुमार, विकास कुमार विक्की कुमार को अपने चेंबर में बुलाया।छात्रों के अनुसार चैंबर में प्रवेश करने के साथ कॉलेज के प्राचार्य और प्राध्यापक बिना कुछ कहे पिटाई करने लगे। आक्रोशित छात्रों के अनुसार, जहां छात्रों की पिटाई हुई,वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पिटाई में कई छात्रों के सर में बुरी तरह से चोट लगने की बात कही। वहीं प्राचार्य के द्वारा कॉलेज से निष्कासन की खुलेआम धमकी दिए जाने की बात प्रदर्शनकारी छात्रों ने कही।

## वित्त मंत्री आज से उज्बेकिस्तान के आधिकारिक दौरे पर

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर जाएंगी। इस दौरान वह एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नौवीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। निर्मला सीतारमण के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर जाएंगी। इस दौरान वो 25 और 26 सितंबर, 2024 को समरकंद में निर्धारित



एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नौवीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। इसके अलावा वह उज्बेकिस्तान, कतर, चीन के अपने समकक्षों और एआईआईबी अध्यक्ष के साथ अन्य महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकों में भी भाग लेंगी। मंत्रालय के मुताबिक एआईआईबी की वार्षिक बैठक में वित्त मंत्री एआईआईबी के भारतीय गवर्नर के रूप में भाग लेंगी। भारत इस बैंक का दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। सीतारमण की आधिकारिक यात्रा के हिस्से के रूप में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव से मिलने की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर करेंगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक बीआईटी पर वित्त मंत्री सीतारमण और उज्बेकिस्तान के निवेश, उद्योग और व्यापार मंत्री द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस संधि का उद्देश्य दीर्घकालिक आधार पर दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए अधिक व्यापक आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

## तत्परता से करें आमजन की समस्याओं का निस्तारण : डॉ. प्रेम कुमार



एजेंसी

बिहार। सहकारिता-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ० प्रेम कुमार ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। श्री कुमार ने कहा कि सवका साथ, सवका विकास, सवका-विश्वास के मूलमंत्र को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जनसेवा के प्रति समर्पित होकर अपना योगदान करें। आमजन भाजपा के नीति एवं नीयत पर पूर्ण आस्था रखती है। लोकप्रिय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता कि आत्म निर्भर भारत निरंतर विश्व कल्याण को समर्पित होगा, आज साकार होता दिखाई दे रहा है। भाजपा कार्यकर्त्ता 'भाजपा' का संदेश जन-जन तक लेकर जाय और सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करा कर उन्हें लाभ पहुँचाने में अपनी क्षमता का सदुपयोग करें। साथ ही साथ पर्यावरण की समस्याओं से निजात हेतु 'वृक्षारोपण' करने हेतु प्रेरित करें। जिससे आनेवाली पीढ़ी को स्वच्छ जल- स्वच्छ हवा मिल सकें।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 15वीं स्थापना दिवस मनाया

# 18 नए बैंकिंग आउटलेट्स का किया गया उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज गर्व के साथ अपने 15वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भारत भर में 18 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन किया। इस विस्तार के साथ, के बैंकिंग आउटलेट्स की कुल संख्या बढ़कर 966 हो गई है।

नए बैंकिंग आउटलेट्स को विभिन्न राज्यों में बैंक की पहुंच को बढ़ाने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित किया गया है:

बिहारः 4 आउटलेट्स
हिमाचल प्रदेशः 1 आउटलेट
झारखंडः 2 आउटलेट्स

Utkarsh Small Finance Bank
Aapki Ummeed Ka Khaata

केरलः 2 आउटलेट्स
मध्य प्रदेशः 3 आउटलेट्स
महाराष्ट्रः 1 आउटलेट
ओडिशाः 2 आउटलेट्स
उत्तर प्रदेशः 2 आउटलेट्स
उत्तराखंडः 1 आउटलेट

विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, पार्वीन कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, हमारे स्थापना दिवस पर इन नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन हमारे वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपनी पहुंच बढ़ाने और प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को सशक्त बनाने वाले नवोन्मेषी और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग समाधानों को प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बैंक की यात्रा पर विचार करते हुए, गोविंद सिंह, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने कहा, उत्कर्ष कोरइन्वेस्ट लिमिटेड के गठन से लेकर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने तक, पिछले वर्षों में विकास, सीखने और प्रतिबद्धता की एक शानदार यात्रा रही है। हमारे मूल कंपनी के समय से लेकर आज तक की हमारी यात्रा ने ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने और वित्तीय समावेशन के अपने मिशन को पूरा करने पर लगातार ध्यान केंद्रित किया है।

## स्पाइसजेट ने क्यूआईपी के जरिये जुटाए 3,000 करोड़

मुंबई। घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। स्पाइसजेट ने कहा कि क्यूआईपी 16 सितंबर को खुला और 18 सितंबर को बंद हुआ। इसमें योग्य निवेशकों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ काफी अधिक अभिदान मिला। यह कंपनी की वृद्धि संभावनाओं में मजबूत विश्वास को दिखाता है। कंपनी ने कहा कि 3,000 करोड़ रुपये के वित्तपोषण के अलावा उसे पिछले वित्तपोषण दौर से 736 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि भी मिली। इससे उसकी वित्तीय स्थिरता तथा वृद्धि योजनाओं को और बढ़ावा मिलेगा।

## ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल ने टीम भावना को दिया बढ़ावा



जमशेदपुर। ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल, प्रीमियम हेयर केयर उत्पादों में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रसिद्ध मेड-इन-इंडिया ब्रांड, बहुप्रतीक्षित डीसी लाउंज और आईडी सैलून के सॉकर मैच के लिए अपने समर्थन की घोषणा करते हुए रोमांचित है। को जमशेदपुर में होने वाला यह रोमांचक कार्यक्रम समुदाय, टीमवर्क और भारत में उभरते सैलून उद्योग का एक जीवंत उत्सव होने का वादा करता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में और अनन्या मित्तल, आईएएस - डिप्टी कमिश्नर, पूर्वी सिंहभूम का स्वागत किया जाएगा, जो इस अवसर को और भी गौरवान्वित करेगा। ₹ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल में, हम सहयोग और समुदाय की शक्ति में विश्वास करते हैं। इस मैच का समर्थन करना सैलून और उसकी टीम का समर्थन करने का हमारा तरीका है, जिन्होंने हमारे उत्पादों पर भरोसा किया है। यह कार्यक्रम न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है बल्कि उद्योग के भीतर संबंधों को भी बढ़ावा देता है। हम जमशेदपुर और उसके बाहर सैलून व्यवसायों के लिए विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रवारिया ने वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य में इस तरह की पहलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ₹आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में, सैलून मालिकों और कर्मचारियों को ऐसी गतिविधियों में शामिल होना चाहिए जो मनोबल को बढ़ाएँ और सामुदायिक संबंधों को मजबूत करें। हमारा लक्ष्य अधिक सक्रिय व्यावसायिक प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है।

## स्कॉर्पियो पर 98 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

अररिया। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से सटे बॉर्डर रोड में बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी की ओर से सोमवार को किए गए संयुक्त छापेमारी में एक स्कॉर्पियो से 98 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर सुपौल जिला के बीरपुर थाना क्षेत्र के कोशिकापुर वार्ड संख्या 13 का रहने वाला 26 वर्षीय श्याम कुमार मेहता पिता नंदलाल मेहता है। एसएसबी और पुलिस की यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर बॉर्डर रोड में की गई है। बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी को यह गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से गांजा की खेप को तस्करी कर चार पहिया वाहन से भारतीय सीमा क्षेत्र में लेकर आया जाना है।

## आलू और प्याज की कीमतें बढ़ने की संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। आलू-प्याज के उत्पादन को लेकर एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फिर से रसोई का खर्च बढ़ले की संभावना है। 2023-24 में भारत का बागवानी उत्पादन मामूली 0.65 फीसदी घटकर 353.19 मिलियन टन होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जून में जारी 2023-24 के दूसरे एडवांस अनुमान में बागवानी फसलों का कुल उत्पादन 352.23 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया गया था। प्रमुख क्षेत्रों में कम पैदावार के कारण प्याज और आलू का उत्पादन 242.44 लाख टन और 570.49 लाख टन होने की उम्मीद है। अन्य सब्जियां जैसे बैंगन, रतालू और शिमला मिर्च का उत्पादन भी कम हो



सकता है, जिससे इनकी कीमतों को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकता है। भारत में अगस्त में खुदरा महंगाई 3.65 फीसदी पर पहुंच गई, जो जुलाई में 3.6 फीसदी थी। कुल सब्जियों का उत्पादन 205.80 लाख टन होने की उम्मीद है। अनुमानों से पता चला है कि टमाटर, पत्तागोभी, फूलगोभी, टैपिओका, लौकी, कद्दू, गाजर, खीरे, करेला, परवल और भिंडी के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष की कीमत वृद्धि के कारण टमाटर का उत्पादन 4.38 फीसदी बढ़कर 21.32 मिलियन टन हो गया है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें पिछले साल आसमान छूकर 250 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं।

# हिंदी के हित में छात्रों को सम्मानित करना एक ऐतिहासिक कदमः ठा0 एन. पी. सिंह

## हिंदी पखवाड़ा पर हुआ भव्य कवि सम्मेलन

नोएडा (चेतना मंच)। हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर बरौला, नोएडा स्थित साहित्य सदन के काव्य भवन सभागार में साहित्य वेलफेयर कल्चरल एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन तथा राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेजी युग में युवा पीढ़ी के लिए हिंदी भाषा का महत्व से संबंधित हिंदी की दिशा, दशा तथा भविष्य विषय पर हिंदी मर्मज्ञ व साहित्य मनीषी वक्ताओं द्वारा समीक्षा, चर्चा परिचर्चा व व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ताओं के रूप में देश के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार बाबा कानपुरी तथा कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व राजभाषा निदेशक व वरिष्ठ साहित्यकार किशोर श्रीवास्तव तथा अंतर्राष्ट्रीय कवित्री मधुमोहिनी उपाध्याय प्रमुख रूप से रहे।

कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन अभिमन्यु पांडेय आदित्य ने किया। साहित्य वेलफेयर कल्चरल एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के नेशनल चेयरमैन तथा राष्ट्रीय कवि पंचायत मंच के संस्थापक कवि व लेखक पंडित साहित्य कुमार चंचल ने बताया कि हिंदी साहित्य के वर्चस्व को बचाने के लिए सभी साहित्यकारों को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। विगत 25 वर्षों से उनका यही उद्देश्य रहा है कि सभी सच्चे साहित्यकार एकजुट होकर एक मंच पर आए और हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित कराने के लिए एक नए आंदोलन की तरफ कदम बढ़ाए। हिंदी हमारी संस्कृति और संस्कार है, इसलिए हिंदी के प्रति आज की पीढ़ी को जागरूक करना बहुत ही आवश्यक बन जाता है। इसी कड़ी में फेडरेशन द्वारा इस बार नोएडा से पांच तथा दिल्ली से एक सहित कुल छह विद्यालयों के हिंदी विषय



में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले भिन्न-भिन्न कक्षाओं के दस छात्र छात्राओं का चयन कर उन्हें हिंदी प्रतिभा सम्मान के माध्यम से सम्मान प्रतीक, प्रशस्ति प्रमाण पत्र, तिरंगा अंगवस्त्र तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले मेधावी छात्रों में न्यू बाल भारती स्कूल की तेजस्विनी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सभी प्रतिभाओं में विशेष रूप से प्रथम स्थान पर रही। न्यू बाल भारती स्कूल की ही श्रुति भदोरिया 93 प्रतिशत अंक, ग्रीन फील्ड विद्या निकेतन की राखी शर्मा 96 प्रतिशत व इशिका 82 प्रतिशत, राइजिंग स्टार स्कूल के शिवम कुमार 94 प्रतिशत तथा खुशी 93 प्रतिशत, एम.एन.बी मॉडर्न स्कूल दिल्ली से श्रेया शर्मा 93.5 प्रतिशत, फ्रोबेल पब्लिक स्कूल के रोहित शर्मा 93.1 प्रतिशत, व स्वाति चौहान 92 प्रतिशत, महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन के आदर्श गुप्ता 91 प्रतिशत अंक हिंदी में प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राएं प्रमुख रहे। सभी मेधावी छात्रों को फेडरेशन के नेशनल चेयरमैन तथा अतिथियों द्वारा विधिवत् सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बाबा कानपुरी, मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ठा. एन.पी. सिंह, विशिष्ट अतिथि नोएडा प्राधिकरण के ट्रिब्यूनल जज वीरेश तिवारी, भारत सरकार के पूर्व राजभाषा निदेशक किशोर श्रीवास्तव, अन्तर्राष्ट्रीय कवित्री मधु मोहिनी उपाध्याय, माल्यार्थ फाउंडेशन की को-चेयर पर्सन आकांक्षा, अयोध्या से पधारे नवसृजन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. सी. श्रीवास्तव सहित सभी ने हिंदी पखवाड़ा पर पूरे एनसीआर के एकमात्र इस अद्वितीय, अद्भुत व विशेष कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीआरडब्लूए के अध्यक्ष एवं भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री एन0पी0 सिंह ने हिंदी पखवाड़ा पर हिंदी में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को फेडरेशन द्वारा सम्मानित करना हिंदी के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया।

फेडरेशन के नेशनल चेयरमैन पंडित साहित्य चंचल ने इस आयोजन के प्रयोजन से संबंधित आज के रचनाकारों से अपील की है कि कवि सम्मेलन अथवा गोष्ठियों में काव्य पाठ से ज्यादा बेहतर होगा कि इस अंग्रेजी युग में आज की युवा पीढ़ी को हिंदी के प्रति जागरूक कर हिंदी राजभाषा तथा राष्ट्र के निर्माण में योगदान देकर अपने मार्गदर्शक व पथ प्रदर्शक होने का प्रमाण देकर बखूबी अपना कवि धर्म निभाएं।

काव्य भवन में उपस्थित सैकड़ो श्रोताओं के साथ-साथ विद्यालयों के बच्चों ने भी अपने शिक्षकों व अभिभावकों के साथ कविता, गीत, गज़लों का भरपूर आनंद उठाया। फेडरेशन की सचिव प्रिया मिश्रा ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

खास खबर

## गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी: अनिल विज

**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व गृमंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो कांग्रेस कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार उनके प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता बातें करने वालों को नहीं चाहती बल्कि जनता अपने विश्वास के प्रति काम करने वाले लोगों को चाहती है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का अंबाला छावनी का चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों का चुनाव है और हमने काम करके दिखाया है। अंबाला के गांव गरनाला में किसानों का विरोध देखने को मिला के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसानों का विरोध नहीं है यह तो अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो इनका कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी बहुत गुंडागर्दी हुई है और लोगों की दुकानों, मकान पर कब्जे हुए हैं तथा कत्ल भी हुए हैं आप सभी को पता है। उन्होंने कहा कि अपनी हार को देखकर इस प्रकार से यह गुंडागर्दी कर रहे हैं जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे देश में प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण कहने का हक है।

उन्होंने कहा कि वहां पर गांव का सरपंच भी खड़ा था जिसे मैं जानता हूं वह खुद काले झंडे लेकर खड़ा हुआ था, जिसको हमने हराया हुआ है। इस बारे में मैंने चुनाव आयोग, डीजीपी हरियाणा, एसपी अंबाला, डीसी अंबाला को और रिटर्निंग अधिकारी जो अंबाला के एसडीएम है उनको संदेश मैसेज भेज दिया है।

## असम में विशालकाय गैंडों के लिए आफत बने आक्रामक पौधे

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में एक सींग वाले गैंडों का शिकार कम हो रहा है, लेकिन ये सौम्य विशालकाय गैंडे अब विदेशी प्रजाति के आक्रामक पौधों के खिलाफ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं. ये पौधे हाल के दिनों में असम में अधिकांश गैंडों के आवास वाले क्षेत्रों में बड़ी चिंता का विषय बन गए हैं. आक्रामक पौधे तेजी से बढ़ते हैं और फैलते हैं. ये आस-पास के पौधों की वृद्धि को रोकते हैं और कई तरह की पारिस्थितिक समस्याएं पैदा करते हैं.

असम सरकार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से गैंडों के अवैध शिकार में कमी आई है. वर्ष 2013 और 2014 में गैंडों का सबसे अधिक अवैध शिकार दर्ज किया गया था, जिसमें प्रत्येक वर्ष 27 गैंडों के अवैध शिकार की रिपोर्ट थी. वर्ष 2022 में 45 वर्षों के बाद असम में एक भी गैंडे का अवैध शिकार नहीं किया गया. 2020 और 2021 में दो-दो गैंडे अवैध शिकार में मारे गए थे.

संरक्षणवादी और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के एशियन राइनो स्पेशलिस्ट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. बिभाब तालुकदार ने कहा, आक्रामक पौधे गैंडों के भोजन के स्रोतों को नष्ट कर देते हैं, जिनकी उन्हें चरने और खाने के लिए जरूरत होती है. असम में गैंडों के ज्यादातर आवासों में आक्रामक पौधों की वृद्धि बड़ी चिंता का विषय है.

उन्होंने कहा कि असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस राष्ट्रीय उद्यान, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान और पबितोरा वन्यजीव अभयारण्य सहित सभी प्रमुख गैंडों के आवासों में मिमोसा, क्रोमोलेना ओडोरेटा, मिकानिया माइक्रांथा और पार्थेनियम जैसे विदेशी पौधों की वृद्धि अलग-अलग स्तरों पर देखी गई है.

## सुक्खू सरकार कर्ज लेकर सोनिया गांधी को दे देती है

**शिमला, एजेंसी।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कंगना ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खोखला हो गया है। शिमला के एक गांव में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी चुनावों पर इतना खर्च कैसे करती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कंगना ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं, जिससे राज्य खोखला हो गया है। रनौत ने कहा कि आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हम आपदा निधि देते हैं, तो इसे सीएम राहत कोष में जाना चाहिए, लेकिन हर कोई जानता है कि यह सोनिया राहत कोष में जाता है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए कंगना ने कहा, राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से तंग आ चुके हैं।

# राहुल गांधी का बयान सही पर सिखों ने कांग्रेस के शासन में बहुत भुगता: जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर दिए बयानों पर चर्चाएं जारी हैं। इसी बीच तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उनके बयानों को सही करार दिया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेस के शासन में सिख समुदाय की हालत ठीक नहीं थी। भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिका में दिए राहुल के बयान की आलोचना की थी।



टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, तख्त दमदमा साहिब जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा, ऐतिहासिक रूप से सिखों को कांग्रेस के शासन काल में उत्पीड़न और नरसंहार का सामना करना पड़ा था, लेकिन राहुल ने सिखों को लेकर जो कहा है वह सही है। अखबार से बातचीत में उन्होंने बताया, समुदाय के लिए हालत एक जैसे ही हैं। हर नए कठोर कानून का इस्तेमाल सबसे पहले सिखों के खिलाफ ही किया जाता है। उन्होंने सिख समुदाय के खिलाफ हेट प्रोपेगैंडा चलाए जाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा, समुदाय के खिलाफ नफरत भरा प्रोपेगैंडा जारी है और यहां तक कि अब इसमें इजाफा हो गया है।

खास बात है कि जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की तरफ से बयान ऐसे समय पर आया है, जब हाल ही में सिख समुदाय के प्रतिनिमंडल ने गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि राहुल के बयान से सिख समुदाय की नकारात्मक छवि गई है।

एजेंसी वार्ता के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त पटना साहिब समिति, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त श्री हजूर साहिब प्रबंधक समिति सहित कोलकाता, इंदौर, लखनऊ, हैदराबाद और झारखंड समेत विभिन्न स्थानों की गुरुद्वारा समितियों के अधिकारी शामिल थे।

इस अवसर पर हरियाणा समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह असंध, पटना से उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सदस्य मोहिंदरपाल सिंह ढिल्लों, डॉक्टर गुरमीत सिंह, हरपाल सिंह जोहल, हजूर साहिब बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. विजय सतबीर सिंह, झारखंड से शालजिंदर सिंह और अन्य सिख नेता भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दिल्ली समिति के प्रमुख सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और पूर्व प्रमुख तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया।

### बयान वापस लेने की मांग

शनिवार को ही भाजपा ने राहुल से बयान वापस लेने की मांग की है। सिरसा ने कहा कि सिख संगठनों ने गांधी से बयान वापस लेने का आग्रह किया है क्योंकि यह उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसी राष्ट्र विरोधी ताकतों ने गांधी की टिप्पणी का फायदा उठाया है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगों से पहले 80 के दशक की शुरुआत में सिखों को निशाना बनाए जाने की घटना को याद किया। सिरसा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब वैसा ही माहौल बनाने की कोशिश कर रही है।

## त्रिपुरा में कांग्रेस विधायक को एमएलए हॉस्टल खाली करने का नोटिस



● पार्टी बोली- राजनीति हो रही है

**अगरतला , एजेंसी।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सुदीप राय बर्मन को त्रिपुरा विधानसभा द्वारा डेवलपमेंट से जुड़े कामों का हवाला देते हुए एख महीने के भीतर आवंटित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और विधायक को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारे विधायक सुदीप रॉय बर्मन को हॉस्टल खाली करने का नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण मंत्री देबबर्मा पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था। साहा ने कहा कि केवल सच बोलने से उन्हें रोकने के लिए उनको यह नोटिस दिया जा रहा है।

त्रिपुरा विधानसभा कि तरफ से 20 सितंबर को सुदीप रॉय बर्मन को नोटिस देते हुए कहा गया था कि उन्हें अगले महीने तक अगरतला के बुद्धमंदिर में उनको आवंटित किया गया क्वार्टर खाली करना होगा, क्योंकि वहां पर डेवलपमेंट का काम होना है। सुदीप रॉय बर्मन को मिले नोटिस के अनुसार, उन्हें यह हॉस्टल तत्काल खाली करना होगा और उसे खाली करने के बाद उसकी चाबियां विधायक छात्रावास के अधीक्षक को सौंपनी होंगी। इसके अलावा उन्हें अगर नए छात्रावास में जगह चाहिए तो उन्हें उसके लिए भी जल्द से जल्द एक एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में ही कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने मंत्री देबबर्मा पर आरोप लगाया था कि पिछले एक साल के अंदर ही उन्होंने और उनके परिवार ने कई संपत्तियां अर्जित की है, जिनमें नई दिल्ली में एक अपार्टमेंट, दो घर, दो पेट्रोल पंप सहित अन्य कई सारी संपत्तियां अर्जित की हैं।

# तिरुपति लड्डू विवाद के बीच चंद्रबाबू नायडू का ऐलान- सभी मंदिरों की जल्द कराई जाएगी सफाई

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही सफाई प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के संबंध में अपना निर्णय लेगी, जो तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। दरअसल, हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक के दौरान सीएम नायडू ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री व पशु चर्बी का इस्तेमाल किया।

### नायडू बोले- क्या बकवास कर रहे हैं

चंद्रबाबू नायडू ने कहा, वह (जगन मोहन रेड्डी) क्या बकवास कर रहे हैं। हमारी सरकार को अभी 100 दिन भी नहीं हुए हैं। आप नीतियां बताएं, मेरी नीतियों की आलोचना करें और मैं जवाब दूंगा कि आपने क्या किया है, मैंने क्या किया है। लेकिन, आप ध्यान भटकाना चाहते थे, अगर आप ऐसा करेंगे तो और भी ज्यादा भावनाएं आहत होंगी। मैं तीन दृष्टिकोण अपना रहा हूं। पहला- परंपराओं के अनुसार शुद्धिकरण। मैं आईजीपी स्तर पर जांच का आदेश दे रहा हूं।

### 320 रुपये प्रति किलो से भी कम में घी कैसे खरीदा

तिरुपति लड्डू की अद्वितीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की, लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा, 'अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया मगर वह नहीं हो पाया।

## चीनी आक्रमकता से निपटने की तैयारी, रक्षा मंत्री ने सेना में बड़े बदलावों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए सरकार ने भारतीय सेना को लेकर अहम बदलावों को मंजूरी दे दी है। सरकार ने चीन सीमा पर तैनात सेना कमांडरों को वित्तीय मामलों में ज्यादा शक्तियां देने का फैसला किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के नए सालाना बजट को मंजूरी दी है जिससे कमांडर क्षेत्र में तैनात सैनिकों के लिए ज़रूरी उपकरण जल्द से जल्द खरीद सकेंगे।



उत्तराखंड में चीन के साथ सीमा की निगरानी करने वाली सेंट्रल कमांड में बीते कुछ सालों में पीएलए की गतिविधि बढ़ी है। इस कमांड के बजट में चार गुना इजाफा किया गया है। सेंट्रल कमांड अब ज़रूरी चीजों पर ?200 करोड़ तक का उपयोग कर सकते हैं। वहीं सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं की देखभाल करने वाली पूर्वी कमान की स्पेशल फाइनेंस पावर को दोगुना करके ?400 करोड़ कर दिया गया है।

# केंद्र सरकार ने वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के लिए मंजूर किए 2,603 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के लिए 2,602.98 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं. इस फायदा देश के 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य, 718 संरक्षित इलाकों को मिलेगा. इस योजना के कारण इको-टूरिज्म और इससे जुड़ी गतिविधियों से 50 लाख से ज्यादा रोजगार दिवसों के आजीविका के अवसर पैदा होंगे. इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर शामिल हैं.



पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, इस स्कीम में बाघ, हाथी और वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल है। यह सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना में शामिल योजनाओं में से एक थी. प्रोजेक्ट टाइगर, दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में एम-स्ट्रिप्स (बाघों, गहन संरक्षण और पारिस्थितिक स्थिति के लिए निगरानी प्रणाली) मोबाइल एप्लीकेशन जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है. यह ऐप 'डिजिटल इंडिया' पहल के अनुरूप है और इसका उपयोग 2022 में पूरे भारत के बाघ अनुमान के पांचवें चक्र के दौरान क्षेत्र स्तर पर पारिस्थितिक डेटा के संग्रह के लिए बड़े पैमाने पर किया गया. प्रोजेक्ट टाइगर का एक घटक प्रोजेक्ट चीता भी है, जिसे वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत जारी रखा गया है.

प्रोजेक्ट शेर को भी वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत रखा गया है, जिससे अमृत काल का विजनः शेर 2047 दस्तावेज के तहत निर्धारित की गई गतिविधियों को पूरा किया जा सके. प्रोजेक्ट हाथी के तहत मानव-हाथी के संघर्ष को रोकने के लिए सूचना और संचार टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने को प्राथमिकता दी जाएगी. शुरुआत में इसे प्रायोगिक आधार पर लागू किया जाएगा. फिर इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा.

# गुजरात में आप विधायक समेत 20 पर केस दर्ज, पहले भी जा चुके जेल, धमकी-मारपीट का आरोप

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के विधायक समेत 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घटना गुजरात के नर्मदा जिले की है। केस दर्ज करने की वजह इन रेस्टोरेंट के मालिक के साथ मार-पीट करना है। इस कारण पुलिस ने विधायक चैतर वसावा समेत 6 पहचाने गए और करीब 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



हालांकि अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि विधायक को पिछले साल दिसंबर में वन अधिकारी को धमकाने, हवा में फायरिंग करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों में सत्र न्यायालय ने जमानत दी थी, लेकिन इससे पहले उन्होंने जेल में करीब छह सप्ताह का समय बिताया था।

चैतर वसावा ने साल 2020 के गुजरात चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से चुनाव जीता था। चैतर ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हाथ आजमाया था। इन्होंने कांग्रेस के साथ सीट बटबारे के तहत चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। चैतर ने भरूच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। इस बार विधायक और इनके साथ के अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट मालिक शांतिलाल वसावा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। विधायक और उनके साथियों ने रेस्टोरेंट मालिक के ऊपर 16 सितंबर को तब हमला किया जब उनसे बिल चुकाने को कहा गया था। इस पर फोन से बातचीत हुई तो विधायक ने उसे घर पर इंतजार करने को कहा।

इसके बाद विधायक अपने साथ करीब 20 लोगों को लेकर रेस्टोरेंट मालिक के घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन लोगों ने मार-पीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इन मामलों में दर्ज किया गया है केस। जानबूझकर अपमान करना, जानबूझकर चोट पहुंचाना, गैरकानूनी तरीके से एकट्ठा होना, दंगा, आपराधिक धमकी और आपराधिक साजिश जैसे मामले शामिल हैं।

## 58 हजार करोड़ के मेगाप्लान से आसान होगी मुंबई की राह, बिछेगा रिंग रोड्स का जाल

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) शहर में रिंग रोड्स का जाल बिछाने जा रही है। इसके बाद मुंबई के अंदर सफर बेहद आसान हो जाएगा। योजना के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'मिनटों में मुंबई' नाम दिया गया है। इसके लिए एमएमआरडीए ने 58 हजार करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके बाद अगले पांच साल में मुंबई की सूरत पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी।



इस योजना के तहत मुंबई में 90 किलोमीटर से अधिक की दूरी में सड़कें, पुलें और टनल बनेंगी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक इन सबके जरिए शहर को हर तरफ से जोड़ा जाएगा। इससे मुंबई के उपनगरीय इलाकों का सफर तो आसान होगा ही, साथ ही साथ उत्तर में गुजरात बॉर्डर, दक्षिण में कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र तक की दूरी भी आसानी से तय होगी।

देश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाला मुंबई शहर ट्रैफिक के दबाव से गुजर रहा है। हाल के वर्षों में यहां पर बुनियादी विकास कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। एमएमआरडीए अब अपनी मेगा योजना को लेकर सामने आया है। इसके तहत सड़कों, पुलों और सुरंगों के नए नेटवर्क के जरिए ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाएगा। इससे लोग तेजी से अपनी मंजिल तक पहुंच पाएंगे।

इस मेगा प्लान के केंद्र में सात इन और आउटर रिंग रोड्स हैं। इनमें से कुछ शुरू होने वाले हैं और कुछ पर काम चल रहा है। एमएमआरडीए द्वारा तैयार किए जा रहे इस रिंग रोड नेटवर्क में बीएमसी, एमएसआरडीसी और एनएचएआई भी सहयोग दे रहे हैं। एमएआरडीए के कमिश्नर डॉक्टर संजय मुखर्जी के मुताबिक जब हम मुंबई इन मिनट्स की बात करते हैं शहर के एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचने में 59 मिनट से ज्यादा का वक्त नहीं लगना चाहिए।

# जितिया पर्व पर शुभ योग में करें पूजा, व्रत का मिलेगा दोगुना लाभ

**भविष्य पुराण में जितिया व्रत का विशेष महत्व है. इस व्रत के दिन माताएं अपने संतान के सुखी और सुरक्षित जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. मान्यता है कि, जीवित्पुत्रिका व्रत रखने से संतान के जीवन में कभी संकट नहीं आते हैं।**



करवाचौथ और तीज व्रत की तरह जितिया व्रत का भी विशेष महत्व है. जितिया व्रत को जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहा जाता है. ये तीनों ही व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए ही होता है. इसमें करवाचौथ और तीज का व्रत पति की लंबी उम्र के लिए और जितिया व्रत बच्चों की समृद्धि के लिए रखा जाता है.

जितिया व्रत अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है और नवमी को पारण होता है. इस साल जितिया व्रत पर्व 25 सितंबर मनाया जाएगा, जिसका पारण 26 सितंबर को होगा. अब सवाल है कि आखिर जितिया व्रत क्यों रखा जाता है? किस देवता की होती है पूजा? जितिया व्रत का शुभ समय क्या है?

**जितिया पर बन रहा ये योग**

इस बार जितिया व्रत 2024 के दिन वरीयान योग और आर्द्रा नक्षत्र बन रहा है. व्रत के दिन यह योग प्रात्काल से लेकर देर रात 12.18 बजे तक रहेगा. इसके बाद परिघ योग होगा. वहीं आर्द्रा नक्षत्र प्रात्काल से लेकर रात 10.23 बजे तक है, उसके बाद पुनर्वसु नक्षत्र है. वरीयान योग में आप कोई भी मांगलिक कार्य कर सकते हैं. ज्योतिष शास्त्र में इसे बेहद शुभ फलदायी माना गया है. ऐसे में इस दिन पूजा करने से महिलाओं को व्रत का दोगुना लाभ मिलेगा.

**2024 में जितिया कब है?**

इस साल 24 सितंबर मंगलवार को दोपहर 12. 38 बजे से अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि प्रारंभ हो रही है. यह तिथि अगले दिन 25 सितंबर बुधवार को दोपहर 12.10 बजे खत्म हो जाएगी. ऐसे में उदयातिथि की मान्यता के अनुसार, इस बार जितिया व्रत 25 सितंबर दिन बुधवार को होगा. इसका पूजन का समय 4.0 बजे से 5.45 बजे तक का है. यही जीवित्पुत्रिका व्रत की सही तारीख है.

**क्यों रखा जाता है जितिया व्रत**

भविष्य पुराण में जितिया व्रत का विशेष महत्व है. इस व्रत के दिन माताएं अपने संतान के सुखी और सुरक्षित जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. मान्यता है कि, जीवित्पुत्रिका व्रत रखने से संतान के जीवन में कभी संकट नहीं आते हैं. साथ ही संतान का वियोग का कष्ट भी नहीं मिलता.

**जितिया पर किस देवता की होती पूजा**

जितिया व्रत पूरे दिन और पूरी रात निर्जला उपवास रखने का विधान है. इस दिन गंधर्व राजा जीमूतवाहन की पूजा करने की परंपरा है. पौराणिक कथा के अनुसार, राजा जीमूतवाहन ने अपने साहस और सूझबूझ से एक मां के बेटे को जीवनदान दिलाया था. तभी से उन्हें भगवान के रूप में पूजा जाने लगा।

# आश्विन मास की कृष्ण जन्माष्टमी आज

**आश्विन मास की कृष्ण जन्माष्टमी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है. इस दिन भक्त भगवान कृष्ण की पूजा करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।**



मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण को समर्पित एक पवित्र दिन माना जाता है।इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा और उपासना करने से जीवन में खुशहाली आती है। मासिक कृष्ण जन्माष्टमी, जैसा कि नाम से ही पता चलता है, हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है।

हालांकि, भाद्रपद मास की कृष्ण अष्टमी को विशेष महत्व दिया जाता है क्योंकि यह भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। लेकिन मासिक कृष्ण जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के प्रति निरंतर भक्ति और पूजा का प्रतीक मानी जाती है। आश्विन मास की कृष्ण जन्माष्टमी एक ऐसा त्योहार है जो हमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं को याद दिलाता है। इसलिए हर माह भक्तगण उनका जन्मदिन मनाकर खुशियां मनाते हैं।

पंचांग के अनुसार, आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की तिथि की शुरुआत मंगलवार 24 सितंबर, 2024 को दोपहर 12 बजकर 38 मिनट से शुरू होकर अगले दिन बुधवार 25 सितंबर को दोपहर में 12 बजकर 10 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। आश्विन की मासिक जन्माष्टमी की पूजा कल रात 12 बजे होगी, इसलिए मासिक कृष्ण जन्माष्टमी 24 सितंबर दिन मंगलवार को मनाई जाएगी।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व**

धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, इसलिए इसका धार्मिक महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

इस दिन से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं हैं, जिनमें भगवान कृष्ण के बचपन के लीलाएं और उनके राक्षसों पर विजय प्राप्त करने की कहानियां शामिल हैं। मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर माह मथुरा और वृंदावन में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी भगवान कृष्ण के प्रति भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी पूजा विधि**

इस दिन भगवान कृष्ण की विशेष पूजा करें। सुबह-सुबह स्नान करके साफ कपड़े पहनें और अपने पूजा स्थान को सजाएं। कान्हा को माखन, मिश्री, लड्डू, और फल चढ़ाएं। ये भगवान कृष्ण को प्रिय हैं। ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। इस दिन भगवान कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनें या पढ़ें। जन्माष्टमी की रात में भजन-कीर्तन का आयोजन करें और जागरण करें। मासिक कृष्ण जन्माष्टमी का दिन व्रत रखने के लिए भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन गरीबों को भोजन और गो सेवा करने से विशेष फल मिलता है।

# पहाड़ी पर स्थित है देवी जीवदानी का मंदिर, यहीं पर पांडव ने भी की थी माता की अराधना

**चंडिका मंदिर के पुजारी पवन पाठक ने बताया कि चंद्रपाड़ा में स्थित चंडिका मंदिर में भी पांडव पधारे थे, हालांकि ठाणे में यह इकलौता मंदिर नहीं है. जहां पांडवों ने किसी देवी के दर्शन किए. इसके अलावा जीवदानी पहाड़ी पर भी पांडवों ने जीवदानी माता की स्थापना की. इस मंदिर को पांडवों ने अपने वनवास के समय में बनाया था।**

नयगांव के अलावा विरार में भी एक मंदिर है. जिसका इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ है. मां जीवदानी का मंदिर विरार में जीवदानी नामक पहाड़ी पर स्थित है. यह पहाड़ विरार का सबसे महत्वपूर्ण स्थल है. यह देवी जीवदानी के अपने एकमात्र मंदिर के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध हैं, यहां माता के दर्शन के लिए जो लगभग 1300 से भी अधिक सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं. विरार के पूर्वी हिस्से में एक बड़े से पहाड़ी पर यह मंदिर है. यहां से पूरा मुंबई और नवी ठाणे दिखता है.

चंडिका मंदिर के पुजारी पवन पाठक ने बताया कि चंद्रपाड़ा में स्थित चंडिका मंदिर में भी पांडव पधारे थे, हालांकि ठाणे में यह इकलौता मंदिर नहीं है. जहां पांडवों ने देवी के दर्शन किए. इसके अलावा जीवदानी





पहाड़ी पर भी पांडवों ने जीवदानी माता की स्थापना की. इस मंदिर को पांडवों ने अपने वनवास के समय में बनाया था. इस मंदिर पहले से बहुत ऋषि आते जाते रहे हैं. आज भी यहां अनेकों ऋषि और योगी मंदिर दौरे के समय यहां रहते हैं. इस मंदिर को लेकर और भी बहुत सी कहानियां हैं.

**17वीं सदी से है मंदिर का इतिहास**

मंदिर कि सीढ़ियों पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के मुताबिक इस क्षेत्र में 17वीं सदी में जीवदानी किले का निर्माण किया गया था. उस समय किले में अनेकों पानी के कुंड हुआ करते थे. वर्तमान में अधिकतम कुंड अभी सुख गए है. मान्यता कुछ ऐसी है की अपनी मनोकामनाए पूरी करने के लिए भक्त माता की मंदिर की चढ़ाई नंगे पैर करते हैं. शुक्रवार और रविवार इस मंदिर में भक्तों की भरी भीड़ लगती है. अब इस मंदिर तक पहुंचने के लिए लिफ्ट भी लगा दिया गया है।

## आरती का महत्व

धर्म में आरती का महत्व बहुत है. आरती एक पूजा विधि है जिसमें दिव्य प्रकाश (दीप) की रोशनी, अरोमा, और शब्दों दे देवता को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है. यह एक धार्मिक आदर्श है जो ईश्वर की पूजा में भक्ति और श्रद्धा की भावना को व्यक्त करने के लिए किया जाता है. विशेष रूप से भक्ति, आद्यात्मिक संबंध, और देवता के साथ किसी भी भक्त के रिश्ते को भी इससे समझा जा सकता है. आरती एक प्रकार की पूजा है जिसमें भक्त दिव्य प्रकाश के सामने देवता की स्तुति, आदर, और समर्पण की भावना से भरा हुआ होता है. आरती के द्वारा भक्त अपनी ईश्वर पूजा में समर्पण और सेवा की भावना को व्यक्त करता है।

**आरती लेने का सही तरीका-** आरती लेने का सही तरीका क्षेत्र और सम्प्रदाय के अनुसार थोड़ा भिन्न हो सकता है, लेकिन कुछ सामान्य चरण हैं जो सभी लोगों के लिए सामान्य हैं.

**सफाई और शुद्धता-** सबसे पहले, आरती लेने से पहले, व्यक्ति को अच्छे से स्नान करना चाहिए और शुद्ध वस्त्र पहनना चाहिए.

**पूजा स्थल या मंदिर की सजावट-** आरती का आयोजन किए जाने वाले स्थल को सुंदरता से सजाकर रखें। देवता की मूर्ति के सामने एक स्थिर और शुद्ध स्थान तैयार करें।

**आरती सामग्री-** आरती के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कि दीप, धूप, फूल, चम्पा, बेल, और प्रासाद को सजाकर रखें।

# इन 2 राशियों पर नहीं पड़ती है राहु की तिरछी नजर, मिलते हैं पॉजिटिव रिजल्ट

**दरअसल राहु-केतु को भगवान शनि का ही दो अलग-अलग रूप माना गया है। राहु को शनि देव का सिर माना जाता है और केतु को धड़। अगर आपकी कुंडली में राहु या केतु दोष है तो ये आपके दिमाग पर नकारात्मक असर छोड़ेगा और आप से ऊट-पटांग काम कराएगा। पुरानी मान्यताओं की मानें तो राहु-केतु को छाया ग्रह माना गया है और इन्हीं के कारण ग्रहण भी लगता है। राहु का प्रभाव किसी के जन्म से भी जुड़ा हुआ हो सकता है।**

ज्योतिषशास्त्र में राहु और केतु को विनाशकारक गृह माना गया है। राहु एक छाया गृह है। अगर इसकी छाया किसी की कुंडली में पड़ गई तो कहा जाता है कि इंसान की दीन-दशा बदल जाती है। लोगों के जीवन में एक के बाद एक अप्रिय घटनाएं घटने लग जाती हैं। इंसान का जीवन दुश्वार हो जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि राहु की छाया हमेशा नुकसानदेह नहीं होती है। ये कुछ परिस्तिथियों में ही घातक होती है। मतलब कि अगर आपकी कुंडली में राहु की छाया है तो आपको इसका फायदा भी मिल सकता है। सभी राशियों के साथ ऐसा नहीं है। विद्वानों की मानें तो 12 राशियों में से दो राशियां ऐसी हैं जिनपर राहु की छाया लाभदायक साबित होती है।



**क्या है राहु-केतु**

दरअसल राहु-केतु को भगवान शनि का ही दो अलग-अलग रूप माना गया है। राहु को शनि देव का सिर माना जाता है और केतु को धड़। अगर आपकी कुंडली में राहु या केतु दोष है तो ये आपके दिमाग पर नकारात्मक असर छोड़ेगा और आप से ऊट-पटांग काम कराएगा। पुरानी मान्यताओं की मानें तो राहु-केतु को छाया ग्रह माना गया है और इन्हीं के कारण ग्रहण भी लगता है। राहु का प्रभाव किसी के जन्म से भी जुड़ा हुआ हो सकता है। यानि की अगर आपके जन्म दे दौरान राहु की छाया सही जगह नहीं पड़ रही है तो ऐसे लोगों को जीवनभर कष्टों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके जन्म के समय राहु की छाया सही जगह पर है तो ये बेहतर फल भी देती है।

**इन 2 राशियों पर बरसती है कृपा**

राहु वैसे तो अधिकतर राशियों के लिए विनाशकारी साबित होता है लेकिन 2 राशियां ऐसी भी हैं जिसपर राहु का सकारात्मक असर देखने को मिलता है। ये दो राशियां हैं सिंह राशि और वृश्चिक राशि। इन दो राशियों पर राहु प्रसन्न रहते हैं। ऐसा माना जाता है कि जब राहु, सिंह राशि में प्रवेश करते हैं तो लाभदायक फल प्राप्ति होती है। इन राशि वालों को अचानक धन की प्राप्ति होती है और उनके जीवन में खुशहाली आती है। वहीं वृश्चिक राशि वालों के लिए भी राहु सकारात्मक है और बेहतर परिणाम देता है। कहा जाता है कि अगर वृश्चिक राशि में राहु प्रवेश कर गया तो वो आपको धन लाभ देने के साथ ही नौकरी में भी तरक्की देगा। लोगों को व्यवसाय में भी धन लाभ होगा।

**राहु के उपाय**

राहु के कई सारे उपाय बताए गए हैं। ओम भ्रां भ्रीं भ्रौं स: राहवे नम: नाम के मंत्र का जाप करने से राहु दोष से इंसान को मुक्ति मिलती है। शनिवार के दिन इस मंत्र का जाप करने से फायदा मिलता है। इसके अलावा सोमवार के दिन भी 108 बार इस मंत्र का जाप करने से राहु दोष से राहत मिलती है। आप अपने घर पर राहु यंत्र भी ला सकते हैं। अपने घर पर राहु यंत्र लाएं, उसे किसी पवित्र जगह पर रखें और रोज तिलक लगाएं। इसे भी उपयोगी माना जाता है। इसके अलावा तिल का दान करने से, अन्न दान करने से और कुत्ते को रोटी खिलाने से भी लाभ मिलता है।

# 1100 साल पहले एक चमत्कार से हुई इस शिव मंदिर की स्थापना

**भगवान शिव का ये मंदिर 1100 साल पुराना है। इस मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है और भोलेनाथ की आराधना की जाती है। इस मंदिर के स्थापना से जुड़ी भी मान्यताएं हैं और इसे देश भर में भगवान शिव के चमत्कारी मंदिरों में से एक माना जाता है।**



सोमवार का दिन शिव जी को समर्पित माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से उनकी कृपा बरसती है और इंसान का जीवन आनंदमय हो जाता है। लोग सोमवार को व्रत भी रखते हैं और भोलेनाथ की प्रार्थना करते हैं। शिवजी के कई सारे प्रसिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिर तो बहुत पुराने भी हैं। उत्तर प्रदेश के बागपत में एक मंदिर ऐसा भी है जो 1100 साल से भी ज्यादा पुराना है। यहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। इस मंदिर की स्थापना से जुड़ी भी रोचक मान्यता है।

**कैसे हुई स्थापना?**

बागपत के पास स्थित पाबला गांव में ये मंदिर है। इस मंदिर की स्थापना के बाद ही इस गांव में बसाहट शुरू हुई। कहा जाता है कि पहले इस जगह पर सिर्फ जंगल-झाड़ियां थीं और ज्यादा लोग नहीं रहते थे। लोगों ने देखा कि उन झाड़ियों में एक गाय आती है और एक तय स्थान पर आकर खड़ी हो जाती है। उसे खड़े होते ही उसमें से दूध निकलने लगता था। जब लोगों की नजर पड़ी और पास जाकर देखा तो वहां पर धरती से एक पत्थर निकला हुआ था। तमाम कोशिशों के बाद भी उस पत्थर को नहीं हटाया जा सका।

इसके बाद ही अन्य गांव के लोगों ने मिलकर इस स्थान पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया। साधु-संत, महात्मा और नामी-गिरामी लोगों ने मिलकर इस मंदिर को बनवाया। 1150 साल होने के बाद भी इस मंदिर में हर साल श्रद्धालुओं की भीड़ होती है और दर्शन मात्र से लोगों की मन मांगी मुरादें पूरी हो जाती हैं। बागपत का पाबला गांव इस मंदिर की वजह से मशहूर है।

**सोमवार को करें भगवान शिव की पूजा**

सोमवार का दिन शिव जी का दिन होता है। इस दिन चंद्र देव की पूजा करने से भी फल प्राप्ति होती है। इस दिन नहा-धोकर शिव जी की पूजा करने से फायदा होता है। इस दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना भी काफी शुभ माना जाता है। इससे मां लक्ष्मी की कृपा भक्तों पर बरसती है और जीवन में खुशहाली आती है।





# सिंघम अगेन का हिस्सा नहीं होंगे सलमान

रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। लगातार फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आ रही हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर कई तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। इस बीच एक और खबर सामने आई थी, जिसे सुन प्रशंसक उत्साही हो गए थे। वह थी फिल्म में सलमान खान के कैमियो रोल करने की खबर। वहीं, अब इस खबर को लेकर नई जानकारी सामने आई है। यह केवल महज अफवाह है। दरअसल, फिल्म की रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाहें फैलने लगीं कि सलमान खान दबंग फ्रैंचाइजी से अपने आइकॉनिक चुलबुल पांडे के रूप में कॉप यूनिवर्स में शामिल होंगे। पिछले हफ्ते ही खबर फैली कि अभिनेता संभवत: फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि सेट से एक तस्वीर लीक हुई थी, जिससे हंगामा शुरू हो गया। हालांकि, बाद में पुष्टि हुई कि यह तस्वीर सेट से नहीं, बल्कि एक टीवी विज्ञापन से ली गई थी। हालांकि, सलमान के पुलिस फ्रेंचाइजी में शामिल होने की अफवाहें शुक्रवार को फिर से फैलने लगीं, जिसमें बताया गया कि वे अजय देवगन की बाजीराव सिंघम के किरदार के साथ नजर आएंगे। हालांकि, कुछ समय बाद ही यह बात साफ हो गई कि यह महज अफवाह है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर के फर्जी होने का दावा किया गया और बताया गया कि सलमान खान कलाकारों में शामिल नहीं होंगे।

हालांकि, सलमान सिंघम अगेन का हिस्सा नहीं होंगे, फिर भी प्रशंसक उन्हें वरुण धवन की बेबी जॉन में कैमियो करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। वहीं, सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगादॉस कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित सिंघम अगेन में कई कलाकार शामिल होंगे, जिनमें शामिल हैं दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अर्जुन कपूर नए कलाकार हैं। करीना कपूर खान अपनी भूमिका को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं। रणवीर सिंह और अक्षय कुमार अपने किरदार सिम्बा और सूर्यवंशी के रूप में वापसी करेंगे। यह फिल्म दिवाली 2024 में रिलीज होगी, जहां यह कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से टकराएगी।



# टीवी कलाकारों संग होने वाले भेदभाव पर बोलीं क्रिस्टल डिसूजा

क्रिस्टल डिसूजा टीवी की दुनिया की मशहूर हस्ती हैं। उन्होंने कई टीवी शोज में अपने किरदारों की बदौलत पहचान हासिल की है। वह आखिरी बार साल 2018 में फिक्शन टीवी शो बेलन वाली बहू में नजर आई थीं। इसके एक साल के बाद उन्होंने फितरत से अपना ओटीटी डेब्यू किया और फिर साल 2021 में उनकी पहली फिल्म रिलीज हुई। उन्होंने फिल्म चेहरे से फिल्मों में डेब्यू किया, जिसमें अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी, रिया चक्रवर्ती जैसे कलाकार नजर आए थे। इस बीच उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म करने के बाद भी उनके लिए बहुत कुछ नहीं बदला है।

## टीवी से फिल्मों में करियर बनाना है बेहद मुश्किल

अभिनेत्री ने कई अन्य टीवी कलाकारो की तरह बताया कि एक टीवी कलाकार होने की वजह से उन्हें फिल्मों और वेब सीरीज के लिए भेदभाव का सामना करना पड़ा। अभिनेत्री ने कहा, ऐसा अभी भी होता है। मुझे टीवी पर काम किए हुए छह-सात साल हो गए हैं, लेकिन मुझे अभी भी यह बहुत सुनने को मिलता है। लोग टीवी कलाकार शब्द का अपमानजनक तरीके से इस्तेमाल करते हैं। टीवी ने मुझे वो बनाया है, जो मैं आज हूं। इसने मुझे लोगों के बीच लोकप्रिय किया है, लेकिन मैं अब भी ऐसी बातें सुनती हूं कि ओह तुम टीवी से हो, इसलिए तुम्हें कास्ट करना मुश्किल है, लेकिन मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं टीवी से हूं और मुझे इस पर गर्व है। मुझे सच में समझ नहीं आता कि टीवी से फिल्मों में आना इतना मुश्किल क्यों है।

अभिनेत्री ने इस दौरान कहा कि उनकी दूसरी फीचर फिल्म विस्फोट उनकी पहली फिल्म के तीन साल बाद आई थी। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि टीवी का टैग जुड़ा होने के कारण उन्हें फिल्मों के ऑफर कम मिले हैं। अभिनेत्री ने कहा,मुझे नहीं लगता कि जिन लोगों के पास विशेष अधिकार नहीं है, उनके पास ऑफर की बाढ़ आ जाती है। आपको हर दिन बाहर जाकर रोल की तलाश करनी होती है और ज्यादातर बार वो सफल नहीं होता। इसके पीछे की वजह आपके अभिनय और आप अपने काम में कितने अच्छे हैं, उससे संबंधित नहीं होती है। टीवी से आने पर आपके लिए आसान नहीं होता। मुझे नहीं पता उन्हें नीची निगाहों से क्यों देखा जाता है?

# मालविका मोहनन ने किया खुलासा, कहा- बचपन के दोस्त हैं विक्की कौशल





मालविका मोहनन साउथ फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह मुख्य रूप से तमिल और मलयालम फिल्मों में नजर आती हैं, लेकिन उन्होंने हिंदी आदि भाषा की फिल्मों में भी काम किया है। बीते शुक्रवार को उनकी हिंदी फिल्म युध्रा रिलीज हुई है। इस फिल्म में वह कुछ दृश्यों में शानदार एक्शन करती भी नजर आई हैं। 20 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म में वह सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आई हैं। इस बीच उन्होंने हिंदी फिल्मों के अभिनेता विक्की कौशल को अपने बचपन का दोस्त बताया है। उन्होंने अभिनेता के साथ अपनी दोस्ती के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनके बीच बेहद खास रिश्ता है।

## मालविका मोहनन और विक्की कौशल हैं पारिवारिक मित्र

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मालविका मोहनन ने विक्की कौशल को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने विक्की को अपना हमेशा वाला दोस्त करार दिया है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि वह उन्हें तब से जानती हैं, जब वो एक साल की थीं। अभिनेत्री ने कहा,मैं उन्हें तब से जानती हूं, जब मैं 1 साल की थी। वह मेरे सबसे पुराने दोस्त हैं। हम पड़ोसी थे और बचपन में एक ही बिल्डिंग में रहते थे। इस तरह से हमारे परिवार भी आपस में दोस्त बन गए और तब से ही हम पारिवारिक मित्र हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि वो दोनों अक्सा बीच पर पिकनिक मनाने भी जा चुके हैं। मालविका ने कहा कि वो चिप्स और सैंडविच पैक कर अक्सा बीच पर पिकनिक मनाने गए थे। इस दौरान दोनों दिन भर किनारे पर खेलते भी रहे थे। युध्रा अभिनेत्री ने आगे बताया कि वो हर दिवाली मिलते हैं और इसे एक पसंदीदा परंपरा के तौर पर मनाते हैं।



# केजीएफ 2 के बाद रवीना टंडन के हाथ लगी दूसरी बड़ी साउथ फिल्म



दिग्गज अभिनेत्री रवीना टंडन आने वाले दिनों में तेलुगु फिल्म जटाधारा में नजर आएंगी, जिसमें सुधीर बाबू मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। रवीना टंडन की दक्षिण भारतीय फिल्मों की बात करें तो उन्हें यश स्टारर केजीएफ- चैप्टर 2 में भी देखा गया था, जिसमें वो नेता के रोल में नजर आई थी। अब उनके प्रशंसक उन्हें जटाधारा में देखने के लिए उत्सुक है। 90 के दशक में ग्लैमरस अवतार में नजर आने वाली रवीना अब अलग-अलग तरह की भूमिका कर रही हैं। जटाधारा एक सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म है। इसमें रवीना टंडन नेगेटिव किरदार में दिखाई देंगी। केजीएफ- चैप्टर 2 में उनका किरदार ग्रे शेड वाला था और अब उन्हें जटाधारा में कुछ अलग करने का मौका मिला है। इस फिल्म को 2025 में महाशिवरात्रि के मौके पर रिलीज किया जाएगा। जटाधारा का पोस्टर भी रिलीज हो चुका है। 17 अगस्त, 2024 को रिलीज किए गए पोस्टर में सुधीर बाबू दिखाई दिए थे। वो हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए थे और पीछे भगवान शिव दिखाई दे रहे थे। इस फिल्म का निर्देशन शिविन नारंग कर रहे हैं।

# इंडस्ट्री में 25 साल के सफर को याद कर बोलीं बेबो

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इन दिनों अभिनेत्री अपनी हालिया रिलीज फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं। अभिनेत्री की फिल्म को दर्शकों और आलोचकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया मिली है। करीना ने कम उम्र में ही कई सारी भूमिकाएं करने की चुनौती को भी अपनाया था। अब अभिनेत्री ने इस पर खुलकर बात की है। करीना कपूर के करियर में फिल्म चमेली सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक रही है। एक इवेंट में, अभिनेत्री ने इस फिल्म के बारे में याद करते हुए कहा कि उन्होंने 22 साल की उम्र में यह फिल्म की थी, जब सभी को लगा कि वह यह भूमिका नहीं कर पाएंगी। करीना कपूर खान ने कहा, जब मैं 22 साल की थी। तब मैंने चमेली की थी और लोगों को लगा कि मैं यह भूमिका नहीं कर पाऊंगी, लेकिन यह बहुत अच्छी रही। उन्होंने आगे कहा कि एक अभिनेत्री को अपने करियर में अलग-अलग भूमिकाएं चुनने का अधिकार होना चाहिए और अपने मामले को एक उदाहरण के रूप में लेते हुए, उन्होंने कहा कि वह अपने पूरे करियर में सिंघम फिल्म नहीं कर सकती थीं, हालांकि, उन्हें मौका मिला। करीना ने कहा, आप भी चीजों को अलग तरीके से करना चाहते हैं। हम 25 साल तक एक ही फिल्म में काम नहीं कर सकते। करीना ने कहा कि मेरे लिए अलग-अलग भूमिकाएं चुनना ऑक्सीजन टैंक की तरह काम करता है जो काफी मदद करता है। करीना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जब उन्होंने फिल्म चमेली की थी, तब वह केवल 22 वर्ष की थीं और सभी को लगा कि वह इस भूमिका को नहीं निभा पाएंगी। अभिनेत्री ने कहा, उस समय, फिल्म ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि मेरे करियर में इस उम्र में, विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं करना महत्वपूर्ण है।

# लापता लेडीज को ऑस्कर की रेस में देखना चाहती हैं किरण राव



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज इस साल खूब चर्चा में रही। इस फिल्म को क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिलीं। दर्शकों को भी फिल्म पसंद आई। हालांकि, सिनेमाघरों में फिल्म ज्यादा नहीं चली, लेकिन जब ओटीटी पर रिलीज हुई तो इसकी चर्चा जबर्दस्त तरीके से हुई। सुप्रीम कोर्ट में खासतौर से इसकी स्क्रीनिंग हुई। अब ऐसी चर्चा है कि ऑस्कर में इस फिल्म को भारत की तरफ से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में नामांकित किया जा सकता है। किरण राव ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। किरण राव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत के दौरान कहा कि उनकी यह तमन्ना है कि फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर की रेस में शामिल हो। निर्देशक चाहती हैं कि इस फिल्म को ऑस्कर 2025 में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में भेजा जाएगा। किरण राव ने कहा, अगर यह फिल्म ऑस्कर में जाए तो मेरा सपना पूरा होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह एक प्रक्रिया है, और उन्हें उम्मीद है कि उनकी फिल्म पर विचार किया जाएगा। 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की तरफ से आधिकारिक एंट्री का एलान 27 सितंबर को होगा। 1 नवंबर 2023 से 30 सितंबर 2024 के बीच रिलीज हुई फिल्मों को ही ऑस्कर की रेस में शामिल किया जा सकेगा। आधिकारिक रूप से लिस्ट तो 27 सितंबर को जारी होगी। इससे पहले ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से नामांकित किए जाने को लेकर जिन फिल्मों पर संभावनाएं जताई जा रही हैं, उनमें लापता लेडीज का नाम भी शामिल है। इसके अलावा एनिमल, स्त्री 2 को भी मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।



# नॉवेल ब्लड मून पर सीरीज बनाने जा रहे सोहम शाह

सोहम शाह, जिन्होंने हाल ही में कर्तम भुगतम नाम की एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म का निर्देशन किया, शिल्पकारी के प्रति अपनी अनूठी दृष्टि के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े और विजय राज ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं। अब वह अपनी अगली वेब सीरीज ब्लड मून पर काम कर रहे हैं, जो उनकी लिखी हुई नॉवेल पर आधारित है।

## आपकी नॉवेल ब्लड मून को वेब सीरीज में बदलने का आइडिया कैसे आया?

यह एक सिंपल लेकिन बहुत डरावनी कहानी है। इसमें एक फैमिली एक जगह जाती है, और वहां उनके साथ अजीब घटनाएं होती हैं। कहानी 2024-25 के दौर की है, यानी अभी के दौर की। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो सीरियस हॉरर में आता है। बहुत समय से हमारे यहां सीरियस हॉरर में कोई बड़ी फिल्म नहीं आई है। इसलिए मैंने यह नावेल लिखा, जिसका फील थोड़ा कंज्यूरिंग जैसी फिल्मों से मिलता है। इसके 10 एपिसोड लिखे जा चुके हैं और ओटीटी से बात चल रही है। जैसे ही ग्रीन लाइट मिलेगी, हम इस पर काम शुरू कर देंगे।

## कहानी और इसके किरदारों को डिजाइन करने के पीछे आपकी सोच क्या थी?

इस नॉवेल को मैंने अपने कई सालों के अनुभवों से तैयार किया है। करीब 25-30 साल से मैं माथेरान में एक होटल में ठहरता आ रहा हूं। उस होटल की बैक स्टोरी मैंने इस तरह से डिज़ाइन की कि क्या हुआ होगा उस होटल के साथ, जो आज खंडहर जैसा हो गया है? कोई उसे खरीदने को तैयार नहीं है, कोई उसमें ठहरने को नहीं आता। सवाल ये है कि पास्ट में ऐसा क्या हुआ जो आज वो होटल इस हालत में पहुंच गया? ऐसी, बहुत सी कहानियां जो आप रियल लाइफ में सुनते हो या एक्सपीरियंस करते हो, वो आपकी कहानियों का हिस्सा बन जाती हैं। उदाहरण के लिए, मैं खुद एक बार माथेरान में था, जब सुबह करीब 10-11 बजे एक बहुत बड़ी खबर फैली। घाटकोपर के मनीष शाह नाम के एक डायरेक्टर की वहां घुड़सवारी के दौरान मौत हो गई थी। वो घोड़े से गिर गए और मौके पर ही उन्हें ब्रेन हैमरेज हो गया। इस घटना ने माथेरान के बारे में कई थ्योरी को जन्म दिया- कि वहां घोड़े पागल हो जाते हैं, लोग हेलमेट नहीं पहनते, और ऐसी कई घटनाओं की वजह से डर का माहौल बन जाता है। पिछले एक-डेढ़ साल में माथेरान में इसी तरह की चार-पांच मौतें हो चुकी हैं।

## हॉरर फिल्में बनाना कितना मुश्किल होता है?

हॉरर जॉनर बहुत मुश्किल है। जैसे कॉमेडी में गैरंटी नहीं होती कि लोग कब हसेंगे, वैसे ही हॉरर में भी गैरंटी नहीं होती कि लोग कब डरेंगे। ऑडियंस को डराना आसान नहीं है, खासकर जब 300-400 लोग थिएटर में बैठकर एक साथ देख रहे हों। लेकिन अगर सस्पेंस और स्टोरी सही हो, तो ये बहुत मजेदार और इंट्रिगिंग होता है।

## क्या आप इस वेब सीरीज के लोकेशन के बारे में और विस्तार से बता सकते हैं?

ये पूरी तरह से लोकेशन-बेस्ड वेब सीरीज है, जिसमें मुंबई की सबसे हॉन्टेड जगहों को दिखाया जाएगा। 13 जगहें शामिल हैं, जैसे मुकेश मिल, माहिम का चौल, और एक फेमस हाई-फाई बिल्डिंग, जिसमें फिफ्थ फ्लोर पर एक फ्लैट हॉन्टेड बताया जाता है। मैंने रिसर्च किया है कि आखिर इन जगहों की बैक स्टोरी क्या थी, क्यों इन्हें हॉन्टेड माना जाता है। ये सारी कहानियां उस जगह की एनर्जी से जुड़ी हैं।

# बिग बॉस 18 शो का हिस्सा बनेगी नायरा बनर्जी

बिग बॉस 18 जल्द ही दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो को लेकर कई लोगों को नामों की चर्चा हो रही है।

हालांकि, अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने नायरा बनर्जी को अप्रोच किया है। बता दें कि नायरा इन दिनों पिशाचिनी शो में नजर आ रही हैं। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक इस बात की कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि नायरा के फैंस इस खबर को सुनकर काफी उत्साहित हो गए हैं।



# पात्रों को ऋण देने में कोताही न बरतें बैंक: डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य आज कलैक्ट्रेट सभागार में डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जनपद के सभी बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की।



बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि जनपद की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने में सभी बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकर्स उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिससे गौतमबुद्धनगर की आर्थिक व्यवस्था और तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि बैंकर्स सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं, उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जनपद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें।

# सड़कों पर गड्ढे देख एसीईओ बिफरी, दिये कड़े निर्देश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सोमवार को नॉलेज पार्क -5 और चार मूर्ति चौक से 130 मीटर रोड का निरीक्षण किया। एसीईओ ने नॉलेज पार्क-5 में जलापूर्ति के लिए अवशेष जगहों पर लाइन जल्द डालने और सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए।



एसीईओ ने इसके बाद चार मूर्ति चौक से 130 मीटर रोड का जायजा लिया। एसीईओ ने ट्रैफिक की समस्या को खत्म करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से कराए जा रहे कार्यों को देखा। एसीईओ ने इटैड़ा चौक पर यूटर्न और नाले को कवर कर रोड चौड़ी करने का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। 130 मीटर रोड के चौड़ीकरण कार्य भी समय से पूरा करने को कहा है। एसीईओ ने हिंडन ब्रिज पर बने गड्ढों को देखकर वर्क सर्कल सात की टीम से नाराजगी जताई और इसे तत्काल रिपेयर करने के निर्देश दिए।

एसीईओ के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार, प्रबंधक प्रभात शंकर, सहायक प्रबंधक कुलदीप शर्मा व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बकायेदार बिल्डर्स नहीं कर रहे हैं भुगतान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अमिताभ कांत समिति के सिफारिशों को लागू करने के बाद भी अधिकांश बकायेदार बिल्डर नोएडा प्राधिकरण के खाते में बकाया रकम नहीं जमा

**● 21 हजार फ्लैट बॉयर्स की अटकी है रजिस्ट्री**

कर रहे हैं। जिसके कारण करीब 21 हजार से अधिक फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी बाकी है।



प्राधिकरण के सूत्रों की मानें तो बिल्डर्स की 56 परियोजनाओं पर प्राधिकरण का 8200 करोड़ रूपये बाकी है। वही 21034 फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी है। लेकिन अभी तक 1300 फ्लैटों की ही रजिस्ट्री हो पाई है। प्राधिकरण बकायेदार बिल्डर्स को चेतावनी दे चुका है कि यदि भुगतान नहीं किया तो आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को जांच के लिए पत्र लिखा जाएगा।

बता दें कि फ्लैट खरीदारों को जल्द कब्जा दिलाने और रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण के साथ उप्र शासन पिछले दो वर्षों से योजना बना रहा था। बीते 21 दिसंबर 2022 को अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू करते हुए शासनादेश जारी किया गया था। इस आदेश के तहत बिल्डरों को कोविड-19 महामारी के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक 'जीरो पीरियड' का लाभ दिया गया, जिससे उनका बकाया कम हो गया।

बिल्डरों को अपने बकाया का 25 प्रतिशत जमा कराने और शेष राशि एक से दो वर्षों में चुकाने की सुविधा भी दी गई। 25 प्रतिशत बकाया जमा करते ही उसी अनुपात में परियोजनाओं में फ्लैटों की रजिस्ट्री की अनुमति दी जा रही है। इस योजना को लागू हुए अब नौ महीने बीत चुके हैं। नोएडा क्षेत्र में 56 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनका कोई भी मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है। इनमें से 32 परियोजनाओं के बिल्डर धीरे-धीरे अपनी बकाया राशि जमा कर रहे हैं।

## चार बिल्डर्स ने जमा कराए 47 करोड़ रुपये

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बीते एक सप्ताह में सिक्का बिल्डर और सनवर्ल्ड ने 32 करोड़ रुपये, ओमेक्स ने 10 करोड़ रुपये और सिक्का ने दो करोड़ रुपये जमा किए हैं। इसके अलावा एक अन्य परियोजना के बिल्डर ने तीन करोड़ रुपये जमा किए हैं। गौरतलब है कि इस महीने के आरंभ में ओमेक्स की एक खाली भूमि को सील किया गया था। इस कार्रवाई के बाद ओमेक्स ने 10 करोड़ रुपये जमा कराए। बाकी अन्य बिल्डरों ने भी पहले से ही आंशिक राशि जमा कर रखी है।

# ग्रेटर नोएडा में 40 करोड़ में बिके 36 यूनिपोल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 36 यूनिपोल के टेंडर निकाले थे। इन यूनिपोल का बिड के जरिए आवंटन कर दिया गया है। प्राधिकरण को इन 36 यूनिपोल से रिजर्व प्राइस पर पांच साल में लगभग 19 करोड़ रुपये मिलने थे, लेकिन रिजर्व प्राइस से लगभग 40 फीसदी अधिक दर पर बिड हुई, जिसके चलते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को अब लगभग 27 करोड़ रुपये मिलेंगे।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल को हटाने और नए यूनिपोल का टेंडर कर नए सिरे से आवंटित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देष पर अमल करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाले थे। इनमें से अधिकांश यूनिपोल नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, डीएससी रोड, 105 मीटर रोड, 60 मीटर रोड व 80 मीटर रोड पर स्थित हैं। ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि 36 नए यूनिपोल के लोकेशन चिंहित किए गए। इनका टेंडर निकाला गया।

सर्वाधिक बिड लगाने वाले को ये यूनिपोल आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर यूनिपोल के लिए 10 जोन बनाए गए हैं। इनमें से 5 जोन (जोन-1, 2, 5, 6 और 8) के 36 यूनिपोल का आवंटन बिड से किया गया। इन यूनिपोल से प्राधिकरण को पांच साल में 27 करोड़ रुपये की आमदनी होगी। कंपनियां पांच साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी। इनके आकार व डिजाइन प्राधिकरण के मानकों के हिसाब से ही होंगे। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने चेतावनी दी है अगर किसी ने अवैध यूनिपोल लगाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# छज्जे की शटरिंग गिरी, दो मजदूरों की मौत, एक घायल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में धर्मपाल खड्डा कॉलोनी में निर्माणाधीन एक मकान के छज्जे की शटरिंग गिरने से दो मिस्त्री की मौत हो गई। जबकि एक मजदूर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।



पुलिस ने बताया कि धर्मपाल खड्डा कॉलोनी में निर्दोष सिंह अपने मकान का निर्माण करवा रहे हैं। निर्दोष सिंह के निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल के छज्जे पर सोमवार की शाम मिस्त्री काम कर रहे थे। इसी बीच अचानक छज्जे की शटरिंग की बल्ली टूट गई। शटरिंग गिरने से काम कर रहे राजमिस्त्री और मजदूर तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरे।

आसपास मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 28 वर्षीय अजय निवासी पाटा गांव जनपद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश और 53 वर्षीय राजेंदर सिंह निवासी नगला पाला साहिबाबाद कोल अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को मृत घोषित कर दिया। समसू निवासी ग्राम मंडपा थाना दनकौर ग्रेटर नोएडा का उपचार चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दी गई थी। इसके बाद परिजन मौके पर आ गए।

# नि:शुल्क दंत जांच के लिए लगाया शिविर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए ने सेक्टर में नि:शुल्क दंत समाधान शिविर का आयोजन किया। आरडब्ल्यूए ने डॉ. गरिमा मल्होत्रा के सहयोग से सेक्टर में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया। शिविर में सेक्टर के अधिकांश निवासियों ने भाग लिया।



नोएडा सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने बताया की आयोजित शिविर में सेक्टर के अधिकांश निवासियों ने दांतों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, टायफ़ाइड आदि जैसी बीमारियों की जाँच कराई । इस अवसर परआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय ने डॉ. गरिमा मल्होत्रा का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा है कि डॉ. गरिमा मल्होत्रा के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क शिविर से सेक्टर के लोगों को काफी लाभ हुआ।

नोएडा के सेक्टर-105 में आयोजित शिविर में सेक्टर के अधिकतर निवासियों ने भाग लिया। इनमें राजीव दुबलिश, राजबिर शर्मा, राहुल गौतम, पदम सिंह, शशि कांत शर्मा,ओम दत्त शर्म , पवन मलखान , संदीप यादव, उमेश माथुर, मोनु चौहान, कपिल चौहान, रानी गौतम, पूजा शर्मा, रानी भदोरिया प्रमुख रहे।

# विशेष अभियान चलाकर एआरटीओ ने जब्त किए नौ वाहन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संभागीय परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने पर सोमवार को 9 वाहनों को जप्त किया है। एआरटीओ प्रवर्तन उदित नारायण पांडे ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सोमवार को परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया।



इसके तहत वाहनों में जरूरत से अधिक यात्री ढोए जाते पाए गए। उन्होंने बताया कि कई वाहनों में अधिक सीटें जोड़ी गई थी। उनके अनुसार परिवहन विभाग ने चार बसों को सीज किया, जो की दिल्ली से बिहार और उत्तर प्रदेश के अन्य जनपद में जा रही थी। उन्होंने बताया कि दो ट्रक और तीन ऑटो को भी सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि बस और ऑटो में मानक सीट से ज्यादा सीट लगाई गई थी।

संभागीय परिवहन विभाग स्कूली बच्चों की जान को खतरे में डालकर संचालित हो रही अनफिट बसों के खिलाफ 1 अक्टूबर से विशेष अभियान चलाएगा। 15 दिन तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत नियमों के पालन नहीं करने वाली स्कूली बसो के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। एआरटीओ प्रवर्तन उदित नारायण पांडे ने बताया कि स्कूली बसो के संचालको को कई बार चेतावनी दी गई है। उनसे कहा गया है कि वे नियमों का पालन करें, तथा मानकता के अनुरूप ही बसें चलाएं। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी बच्चों की जान खतरे में डालकर धडल से अनफिट बसें चलाई जा रही है। उन्हें बताया कि एक अक्टूबर से विशेष अभियान चला कर इस तरह की बसों को सीज किया जाएगा

# भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे ने गॉर्डन गैलेरिया में की फायरिंग, गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गार्डन गैलेरिया मॉल में हुई फायरिंग में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के एक स्थानीय नेता की संलिप्तता सामने आई है, जिसने कथित तौर पर लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग की। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी संचित बंसल को गिरफ्तार कर लिया है। संचित बंसल वर्तमान में भाजयुमो का मेरठ मंडल का कोषाध्यक्ष है। उसके पिता राजीव बंसल भाजपा बुलंदशहर के जिला



**आरोपी भी है भाजयुमो का मेरठ मंडल का कोषाध्यक्ष**

उपाध्यक्ष हैं और पूर्व में खुर्जा से चेयरमैन है। यह पूरा मामला कोतवाली सेक्टर-39 का है। भाजपा नेता के बेटे ने अपने जन्मदिन की पार्टी के दौरान गुंडागर्दी की। आरोप है कि भाजपा नेता के बेटे ने फायरिंग की है। जानकारी के अनुसार, खुर्जा के पूर्व चेयरमैन राजीव बंसल का बेटा संचित बंसल अपने दोस्तों के साथ ऑस्कर बार में शराब पी रहा था। जन्मदिन का जश्न मनाते हुए नाचने-गाने के दौरान किसी बात पर बवाल हो गया। इसी दौरान संचित ने अमित नाम के एक व्यक्ति पर दो राउंड गोलियां चलाईं।

यह घटना गार्डन गैलेरिया की पार्किंग में हुई। सत्ता के नशे में चूर संचित ने बिना किसी डर के फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संचित बंसल और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीसीपी मनीष कुमार ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है। आरोपी का शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, मॉल प्रबंधन से भी जवाब तलब किया जा रहा है कि सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई।

# नोएडा के सेक्टर 105 में वर्षों पुरानी समस्या का हुआ निपटारा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-105 में वर्षों पुरानी समस्या को नोएडा प्राधिकरण ने दूर कर दिया है।अब नोएडा के सेक्टर-105 में रहने वाले नागरिकों को सीवर ओवरफ़्लो का सामना नहीं करना पड़ेगा। नोएडा के सेक्टर-105 की वर्षों पुरानी समस्या का निस्तारण नोएडा प्राधिकरण द्वारा कर दिया गया है। सेक्टर-105 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि सेक्टर के ए और डी ब्लॉक में वर्षों से सीवर ओवरफ़्लो की समस्या थी।



नोएडा के सैक्टर 105 के ए और डी ब्लॉक के निवासियों की वर्षों पुरानी सीवर उफान की समस्या का निस्तारण करा दिया गया है । आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने बताया कि ए और डी ब्लॉक में नई सीवर लाइन डाली गई है तथा बड़ी सीवर लाइन से जोड़ दिया गया है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने बताया कि लगभग 20 साल पहले नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर 105 को विकसित किया था। नोएडा प्राधिकरण ने उस समय सेक्टर में जो सीवर लाइन डाली थी वह अब छोटी पड़ने लगी थी। सेक्टर- 105 में पिछले 20 वर्षों से आबादी भी काफ़ी बढ़ गई है। छोटी सीवर लाइन होने के कारण लगातार सीवर लाइन ओवरफ़्लो हो रही थी और सेक्टर में सीवर का पानी सड़क पर बहता रहता था। आरडब्ल्यूए ने कई बार नोएडा प्राधिकरण से सेक्टर की स्वर लाइन बदलने के लिए पत्र लिखा था। ख़ास कर सेक्टर के ए और डी ब्लॉक में बुरी हालत थी। अब नोएडा प्राधिकरण ने इस छोटी सीवर लाइन को बदलकर बड़ी सीवर लाइन से जोड़ दिया है।

